CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शुक्रवार 15 अगस्त 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 285 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

www.shahtimesnews.com

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 17 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

## किश्तवाड़ में बादल फटा, 52 मरे

### 28 लोगों के शव बरामद, 167 को बचाया, करीब 100 से ज्यादा अभी लापता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12.30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में 52 लोगों की मौत हो गई है। इनके 28 शव भी मिल गए हैं। अब तक 167 लोगों को बचाया गया है। करीब 100 से ज्यादा लोग अभी लापता हैं।

हादसा उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचौल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डर सब-डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सभी बाढ़ के पानी में बह गए। मचौल माता तीर्थयात्रा हर साल अगस्त में होती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह 25 जुलाई से 5 सितम्बर तक चलेगी। यह रूट जम्मू से किश्तवाड़ तक 210 किमी लंबा है और इसमें पड्डर से चशोटी तक 19.5 किमी की सड़क पर गाड़ियां जा सकती हैं। उसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीमें बचाव में जुटी हैं। विपक्ष के नेता सुनील कुमार शर्मा और स्थानीय विधायक ने घटनास्थल का दौरा किया है और राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन स्थिति का जायजा लेने में जुटा हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के नेता प्रतिपक्ष और स्थानीय विधायक सुनील कुमार शर्मा से तत्काल संदेश मिलने के बाद अभी-अभी किश्तवाड़ के उपायुक्त पंकज कुमार शर्मा से बात की। चशोटी क्षेत्र में भीषण बादल फटा है, जिससे बड़ी जनहानि हुई है। प्रशासन तुरंत कार्रवाई में जुट गया है, बचाव दल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।



- चशोटी गांव में मचौल माता की धार्मिक यात्रा के लिए पहुंचे कई लोग बहे
- बादल वहीं फटा, जहां से मचौल माता की यात्रा शुरू होने वाली थी, घटना के बाद यात्रा रद्द

### पीएम मोदी ने दिया हर संभव मदद का भरोसा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बादल फटने से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बचाव और राहत अभियान जारी है। उधर गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि किश्तवाड़ जिले में बादल फटने की घटना को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बातचीत की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है।

### पाकिस्तान याद रखे, किसी भी दुस्साहस का परिणाम दर्दनाक होता है: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी नेताओं को जुबान पर कंट्रोल रखने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि पाकिस्तानी नेता भारत के खिलाफ गैर-जिम्मेदार, युद्ध भड़काने वाले और नफरत फैलाने वाले बयान दे रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तानी नेता अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए बार-बार ऐसे बयान देते हैं। उन्हें अपनी जुबान पर कंट्रोल रखना चाहिए, क्योंकि अगर उन्होंने कोई गलत कदम उठाया तो उसका नतीजा बहुत बुरा होगा। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तानी नेतृत्व द्वारा भारत के विरुद्ध लगातार जारी लापरवाह, युद्ध भड़काने और घृणास्पद टिप्पणियों की खबरें देखी हैं। अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बार-बार भारत-विरोधी बयानबाज़ी करना पाकिस्तानी नेतृत्व का जाना-माना तरीका है।

### पहलगाम जैसे हमलों को अनदेखा नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

- जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य बनाने का मामला, कोर्ट ने केंद्र सरकार से आठ हफ्तों में जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य का दर्जा दोबारा बहाल करने के मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार से आठ हफ्तों के अंदर लिखित जवाब मांगा है। कोर्ट ने अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले का भी जिक्र किया।

सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जमीनी हकीकत और पहलगाम जैसी आतंकी घटनाओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। दरअसल, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश बनाया था।








आज़ादी की 79वीं वर्षगांठ पर स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें

आर्थिक आज़ादी ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की। आज भी हर साल विदेशी कंपनियाँ व्यापार के नाम पर देश से हजारों-लाखों करोड़ रुपए विदेश ले जाती हैं। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। अर्थ से परमार्थ (Prosperity for Charity): पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे। आज स्वतंत्रता दिवस पर 100% स्वदेशी को अपनाने का व्रत लेकर शहीदों के सपनों का भारत बनाएं।

शिक्षा की आज़ादी 1835 में मैकाले द्वारा स्थापित गुलामी की शिक्षा व्यवस्था को तोड़ें। भारतीय शिक्षा बोर्ड से अपने विद्यालयों को जोड़ें (Affiliate करें)। अपने बच्चों को BSB से सम्बद्ध विद्यालयों में ही पढ़ाने का व्रत लेकर दिव्य व्यक्तित्व, नेतृत्व व चरित्र से युक्त युवा पीढ़ी के निर्माण के लिए सब साथ आएं, शिक्षा की गुलामी से भारत माता को आज़ादी दिलाएं।

चिकित्सा की आज़ादी ड्रग माफिया व मेडिकल माफिया का षड्यंत्र नाकामयाब हुआ है, अन्ततः सत्य की विजय हुई। बीमारियों को मेन्टेन करने के लिए सिंथेटिक दवाइयों को बायकॉट कीजिए। योग, आयुर्वेद से बीमारियों को जड़ से मिटाने के लिए देश भर में फैले 10 हजार से अधिक पतंजलि सेन्टर्स में चिकित्सा का लाभ लीजिए। पतंजलि की रीसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन्स को अपनाइए। निःशुल्क चिकित्सा परामर्श के लिए सम्पर्क कीजिए: 1800 296 1111

श्रेष्ठतम् इंटीग्रेटेड ट्रीटमेन्ट के लिए पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम में आइए। बुकिंग के लिए सम्पर्क करें: 8954666111, 8954666222 (प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)

वैचारिक व सांस्कृतिक आज़ादी सनातन धर्म के शाश्वत मूल्यों, आदर्शों व सिद्धान्तों को जन-जन की जीवनशैली बनाकर सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने के लिए पतंजलि संस्था व संगठन से जुड़ें। योगगुरु स्वामी रामदेव जी को प्रतिदिन प्रातः 5:00 से 7:30 व रात्रि 8:00 बजे आस्था LIVE चैनल व रोज सुबह 7:56 बजे INDIA TV चैनल एवं रात्रि 9:00 बजे संस्कार पर देखें।



डेन्टल केयर — देश का नं. 1 टूथपेस्ट व फ्रेशनेस का नया अवतार दन्त कान्ति फ्रेश एक्टिव जैल।

हेयर केयर — जड़ी-बूटियों की ताक़त से प्राकृतिक पोषण देकर हेयर फॉल व डैंड्रफ आदि से मुक्ति दिलाए।

पर्सनल केयर — एलोवेरा, हल्दी, गुलाब आदि के गुणों से त्वचा में पाएं प्राकृतिक निखार।



फूड प्रोडक्ट्स — देश का नं. 1 काउ मिल्क बिस्किट, हेल्दी कुकीज़ व नूडल्स, मैदा व ट्रांस फैट रहित। देश का नं. 1 गाय का घी, सरसों तेल व राइस ब्रान ऑयल आदि हेल्दी प्रोडक्ट्स।

हेल्थ केयर — पतंजलि की किसी दवा पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। हमारी सभी औषधियां पतंजलि केन्द्रों व मुख्य स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।

होम केयर — हानिकारक केमिकल से बने उत्पादों का बहिष्कार करें। पतंजलि के स्वदेशी व सात्विक उत्पादों को अपनाकर देश सेवा में योगदान दें।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता अधिकार के लिए बिहार में शुरू करेंगे यात्राएं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मतदाताओं के मताधिकार को सुनिश्चित करने, लोकतंत्र बचाने तथा संविधान की रक्षा के लिए बिहार में 17 से 30 अगस्त तक यात्राओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेता हिस्सा लेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 17 अगस्त को सासाराम से इन यात्राओं की शुरुआत करेंगे और फिर कटिहार, मधुबनी आदि कई स्थानों से होते हुए यात्रा का 30 अगस्त को पटना में समापन किया जाएगा।

### महबूबा ने अदालत की बात को सराहा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के मामले में दायर याचिका में बहस के समय उच्चतम न्यायालय का पहलगाम आतंकवादी हमले का ज़िक्र करना, इस क्षेत्र की स्थिरता को लेकर भारत सरकार के अविश्वास को दर्शाता है। विदित हो कि इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को केंद्र सरकार से आठ सप्ताह के भीतर जवाब दायर करने को कहा है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं से 'पहलगाम आतंकवादी हमले जैसी ज़मीनी हक़ीक़तों' से अवगत रहने को कहा। इसमें जहूर अहमद भट और खुर्शीद अहमद मलिक ने याचिका दायर की है। सुश्री महबूबा ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय का हालिया पहलगाम आतंकवादी हमले का जिक्र करना इस क्षेत्र की स्थिरता के प्रति केन्द्र सरकार के निरंतर अविश्वास को रेखांकित करता है।

# ईसी हमें दे वाराणसी की वोटर लिस्ट: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए कथित 'वोट चोरी' आरोप के बाद कांग्रेस मीडिया विभाग चेयरमैन पवन खेड़ा ने गुरुवार को चुनाव आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संसदीय क्षेत्र वाराणसी की वोटर लिस्ट की मांग की है।



खेड़ा ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री ने 2024 लोकसभा चुनाव में धांधली की है। कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन खेड़ा ने आज प्रेस वार्ता में कहा चुनाव आयोग के कई चेहरे है। चुनाव आयोग का नाम एक है, तो वहीं चेहरे अनेक हैं। उन्होंने कहा कि सात अगस्त को गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और भारत की राजनीति में भूचाल आ गया। इसके कारण ही सत्ता में बैठी सरकार घबरा रही है। खेड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नेता अनुराग ठाकुर की प्रेस कांफ्रेंस में छह और फर्जी वोटर का खुलासा किया गया। उन्होंने कहा कि गांधी जब प्रेस कॉन्फ्रेंस की तो तुरंत नोटिस आ गया, लेकिन ठाकुर को प्रेस कॉन्फ्रेंस करे हुए 24 घंटे हो गए हैं। इसके बाद भी उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया। ठाकुर को छह लोकसभा में गड़बड़ी के आंकड़े छह दिन में मिल गए। हमें छह महीने लगे इन्हें छह दिन में कैसे मिले? चुनाव आयोग को इस पर जवाब देना चाहिए। ठाकुर ने जो सबूत दिए वो एक आपराधिक मामला है।

# स्वतंत्रता दिवस पर 86 गैलेंट्री अवार्ड का ऐलान

**नई दिल्ली, वार्ता**

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ऑपरेशन सिंदूर में बहादुरी और साहस दिखाने वाले आर्म्ड फोर्स के 86 जवानों को गैलेंट्री अवार्ड देने का ऐलान हुआ है। वायुसेना के 52 जवानों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

एयरफोर्स के 9 ऑफिसर को वीर चक्र दिया गया है। इनमें ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले फाइटर पायलट भी शामिल हैं। वीर चक्र युद्ध के समय दिया जाने वाला तीसरा सबसे बड़ा वीरता पदक है। वहीं एयरफोर्स के 13 अधिकारियों को युद्ध सेवा मेडल और 26 अधिकारी-वायुसैनिकों को वायु सेना मेडल दिया गया है। वहीं वाइस चीफ आफ एयर स्टाफ एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी समेत एयरफोर्स के 4 आफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इंडियन आर्मी के 18 जवानों को वीरता मेडल से सम्मानित किया है।

### ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले 9 फाइटर पायलट-ऑफिसर को वीर चक्र

भारतीय सेना के अधिकारी ने बताया कि 2 सीनियर इंडियन आर्मी आफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। वहीं 4 कीर्ति चक्र, 4 वीर चक्र और 8 शौर्य चक्र दिए गए हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 16 जवानों को गैलेंट्री मेडल दिया गया है। बीएसएफ देश की पहली सुरक्षा लाइन है, जो 2290 किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान सीमा और पश्चिमी इलाके में एलओसी की निगरानी और रक्षा करती है। ऑपरेशन के दौरान बीएसएफ के दो जवान शहीद और सात घायल हुए। इसके अलावा पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी मेडल से सम्मानित किया है। इनमें जम्मू-कश्मीर पुलिस के 128, सीआरपीएफ के 20 और छत्तीसगढ़ पुलिस के 14 पदक शामिल हैं।

### यूपी के 16 पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति के हाथों मिलेगा वीरता पदक

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति की तरफ से उत्तर प्रदेश के 16 पुलिस अधिकारियों को वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों में एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही भी शामिल हैं।

शाही बीते साल दो सितंबर 2024 को सुल्तानपुर में मोस्ट वांटेड मंगेश यादव के एनकाउंटर के बाद चर्चा में आए थे। इस एनकाउंटर में शाही चप्पल पहने हुए एनकाउंटर सपोर्ट नजर आए थे। स्वतंत्रा दिवस के मौके पर जिन 16 पुलिस कर्मियों को गैलेंट्री अवार्ड से नवाजा जाएगा, उसमें मनीष प्रताप सिंह चौहान इंस्पेक्टर, अक्षय प्रवीर कुमार त्यागी सब इंस्पेक्टर कांस्टेबल, राजन कुमार कांस्टेबल, मुकेश सिंह डिप्टी सुपरिन्टेंडेंट ऑफ पुलिस, दीपक कुमार सिंह इंस्पेक्टर, हेमंत भूषण सिंह हेड




कांस्टेबल, विनोद कुमार हेड कांस्टेबल, प्रमोद कुमार सब इंस्पेक्टर, मुकेश कुमार हेड कांस्टेबल, अरुण कुमार हेड कांस्टेबल ट्विंकल हेड कांस्टेबल, सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ़ पुलिस अजय कुमार शाही (आईपीएस) सब इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ़ पुलिस धर्मेश कुमार शाही, हेड कांस्टेबल यशवंत सिंह, हेड कांस्टेबल नीरज कुमार पांडे का नाम शामिल है।

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर सीएम ने किया प्रहार

# कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति ने देश को तोड़ा: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1947 के विभाजन को कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति का काला अध्याय करार देते हुए कहा कि इस भीषण त्रासदी ने सनातन भारत की एकता को तोड़कर देश को पीड़ा दी। उन्होंने कहा कि आज 14 अगस्त 1947 की विभाजन विभीषिका को याद करते हुए पूरा देश शोकाकुल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में इस दिन को स्मृति दिवस घोषित कर इतिहास को जीवंत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और देशवा.



सियों को इतिहास से सबक लेने का आह्वान किया। प्रदर्शनी में विभाजन के बाद उपजी हिंसा और उससे प्रभावित लोगों से संबंधित डिजिटल आर्काइव फोटो, अखबार कतरनें, राजकीय अभिलेख और विस्थापित परिवारों की संरक्षित सामग्री के जरिए युवाओं को तुष्टिकरण की कीमत उस दौर की वेदना से अवगत कराया गया। योगी ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को गले लगाया, लेकिन कांग्रेस ने सत्ता लालच में देश का बंटवारा कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिमी पाकिस्तान के लाहौर, कराची, रावलपिंडी, मुल्तान जैसे क्षेत्रों को हिंदू, सिख और बौद्ध विहीन बनाने का अभियान कांग्रेस की नीति का नतीजा था। इस हिंसा में 15-20 लाख लोगों की जान गई और करोड़ों विस्थापित हुए। सीएम योगी ने कहा कि यह अत्याचारों की पराकाष्ठा थी, जिसे कांग्रेस ने बढ़ावा दिया। कांग्रेस पर विस्थापितों के प्रति उदासीनता का भी आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जो हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई समुदाय के लोग घर-बार छोड़कर आए, उनके

### परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ने विपक्ष को बनाया कूप मंडूप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ने समूचे विपक्ष को कूप मंडूप बना दिया है। विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में अपने साढ़े आठ साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए विपक्ष को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने 1947 से 2017 तक विपक्षी दलों के शासनकाल की तुलना अपनी सरकार के 2017 से 2025 तक के कार्यकाल से की और विपक्ष पर परिवारवादी सोच को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

### कानून-व्यवस्था के मॉडल के रूप में उभरा है उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 2017 तक उत्तर प्रदेश असुरक्षा और उच्च अपराध दर से जूझता रहा जबकि उनकी सरकार ने प्रदेश को भयमुक्त, निवेश-अनुकूल और समाज को सुरक्षित बनाने में सफलता हासिल की है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन सदन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के मॉडल के रूप में उभरा है, जो निवेशकों और नागरिकों के लिए सुरक्षित माहौल प्रदान करता है।

# भाजपा ने साबित किया पिछड़ गया यूपी: अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र ने पहली बार 24 घण्टे सदन चलाने का रिकार्ड बनाने पर प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने 24 घंटे का सदन चलाकर साबित कर दिया है कि वो प्रदेश चलाने में कितना पिछड़ गए हैं, इसीलिए चौबीसों घंटे काम करने की बात कर रहे हैं।

यादव ने एक्स पर मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के झपकी लेने और विपक्षी नेताओं के सेल्फी लेने का वीडियो शेयर करते हुए लिखा- सोती रही सरकार, जागता रहा विपक्ष। भाजपा ने 24 घंटे का सदन चलाकर साबित कर दिया है कि वो प्रदेश चलाने में कितना पिछड़ गए हैं, इसीलिए चौबीसों घंटे काम करने की बात कर रहे हैं। भाजपा सरकार बताए कि उसके मुखिया से लेकर मंत्री व कितने विधायक चौबीसों घंटे उपस्थित रहे। उन्होंने लिख- जनता 24 घंटे सदन चलाने के पीछे का तर्क पूछ रही है।

### अखिलेश को नहीं दिखते पीड़ितों के आंसू: पूजा पाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ पर समाजवादी पार्टी से निकाली गई इलाहाबाद पश्चिमी सीट से विधायक पूजा पाल ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि अखिलेश को 30 साल से पीड़ित पीड़ितों के आंसू नहीं दिखे, जब माफिया के बच्चे मर रहे हैं, तो दिख रहा है।



सेंसेक्स 80597.66
निफ्टी 24631.30



सोना रु. 99971
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 115100
प्रति किलो



# लिवाली से मजबूत हुए प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**

बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए। कुल मिलाकर बाजार में निवेश धारणा कमजोर बने रहने के बावजूद एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई के साथ इंफोसिस और इटरनल जैसी कंपनियों में लिवाली से प्रमुख सूचकांक बढ़त में बंद होने में कामयाब रहे।

बीएसई का सेंसेक्स 57.75 अंक (0.07 प्रतिशत) चढ़कर 80,597.66 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 11.95 अंक यानी 0.05 प्रतिशत मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर 24,631.30 अंक पर रहा। वहीं मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली के कारण एनएसई का



निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक 0.44 प्रतिशत और स्मॉलकैप 100 सूचकांक 0.38 फीसद टूट गया। निवेशकों ने बैंकिंग के अलावा टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, आईटी और फार्मा कंपनियों में पैसा लगाया। वहीं धातु, एफएमसीजी और रियलिटी सेक्टरों में तेजी रही। विदेशों में एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.45 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.37 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 प्रतिशत चढ़ा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.48 प्रतिशत की तेजी में रहा जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.02 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था।

### यात्री वाहनों की बिक्री जुलाई में 0.2 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** दुपहिया वाहनों के खंड में अच्छे प्रदर्शन के कारण वाहन निर्माता कंपनियों ने इस साल जुलाई में घरेलू बाजार में 19,77,442 वाहन बेचे, जो जुलाई 2024 के 18,42,296 वाहनों की तुलना में 7.33 प्रतिशत अधिक है। यात्री वाहनों की बिक्री में एक साल पहले के मुकाबले जहां गिरावट दर्ज की गई, वहीं दुपहिया वाहनों में तेजी रही। भारतीय वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के आंकड़ों के अनुसार गत जुलाई में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 0.2 प्रतिशत घटकर 3,40,772 इकाई पर रह गई। दुपहिया के खंड में स्कूटरों की बिक्री में 16.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 6,43,169 इकाई रही। मोटरसाइकिल की बिक्री 4.7 फीसदी बढ़कर 8,90,107 इकाई पर पहुंच गई।

### सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 126 रुपए कम होकर 99,971 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। चांदी की कीमत भी आज 175 रुपए कम होकर 1,15,100 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,15,275 रुपए पर थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही। इस साल 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,809 रुपए बढ़कर 99,971 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 29,083 रुपए बढ़कर 1,15,100 रुपए पर पहुंच गया है।

# एसएंडपी ने भारत की रेटिंग बढ़ाकर 'बीबीबी' की

**नई दिल्ली, वार्ता**

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने आर्थिक मजबूत और सतत वित्तीय अनुशासन के मद्देनजर भारत की रेटिंग 'बीबीबी माइनस' से बदलकर 'बीबीबी' कर दी है। एसएंडपी ग्लोबल ने गुरुवार को बताया कि उसने भारत का परिदृश्य भी 'नकारात्मक' की जगह 'स्थिर' कर दिया है।

एजेंसी ने कहा कि भारत वित्तीय अनुशासन को प्राथमिकता दे रहा है, जो बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ आम लोगों को उनकी सीमा के भीतर वित्त उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता दिखाता है। उसने उम्मीद जताई कि अगले दो-तीन साल में अर्थव्यवस्था के बुनियादी कारक मजबूत बने रहेंगे जिससे विकास को गति मिलेगी। साथ ही मौजूदा मौद्रिक नीतियों के कारण मुद्रास्फीति प्रबंधन सही दिशा में जा रही है। एसएंडपी ग्लोबल ने कहा कि इन्हीं कारकों की वजह से उसने भारत की दीर्घावधि रेटिंग 'बीबीबी माइनस' से बढाकर 'बीबीबी' और आउटलुक स्टेबल कर दिया गया है। इसके अलावा अल्पकालिक रेटिंग 'ए-2' से बढ़ाकर ए-3 कर दी गई है। हालांकि स्थानांतरण एवं परिवर्तनीयता आकलन 'ए माइनस' से घटाकर 'बीबीबी प्लस' कर दिया गया है। एजेंसी का कहना है कि सतत नीतिगत स्थिरता और बुनियादी ढांचे पर भविष्य के लिए परिदृश्य स्थिर है, जो देश की दीर्घावधि विकास यात्रा में सहायक होगा। उसने कहा कि अगले दो साल में नीतिगत और मौद्रिक उपायों से सरकार पर ऋण का बोझ कम होगा, जिसे रेटिंग में और सुधार आएगा। साथ ही उसने चेतावनी दी कि राजनीतिक प्रतिबद्धता कम होने पर वह रेटिंग घटा सकती है और यदि रोजकोषीय घाटा कम होता है, तो वह रेटिंग बढ़ा भी सकती है। उसने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और साल 2022 से 24 तक उसकी औसत विकास दर 8.8 प्रतिशत रही।

# भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करें छात्र: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यहां अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के आदिवासी समुदायों के 30 मेधावी छात्रों के साथ बातचीत की और उनसे राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने की दिशा में काम करने को कहा।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये बच्चे अंडमान और निकोबार कमान की सात दिन की राष्ट्रीय एकता यात्रा 'आरोहण: द्वीप से दिल्ली' के अंतर्गत यहां आए हैं। ये छात्र शुक्रवार को लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के भी साक्षी बनेंगे। छात्रों के साथ बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री ने मानवीय मूल्यों के महत्व पर ज़ोर दिया और उन्हें व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण पहलू बताया। उन्होंने छात्रों से मानवीय मूल्यों में दृढ़ रहने और शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अपने चरित्र निर्माण पर भी समान रूप से ज़ोर देने का आह्वान किया। सिंह ने छात्रों से हर चुनौती का आत्मविश्वास और निडरता से सामना करने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को आने वाले समय में भारत को सबसे शक्तिशाली राष्ट्रों में से एक बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

बातचीत के दौरान प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और एकीकृत रक्षा स्टाफ के अध्यक्ष एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित थे।

### स्मृति दिवस पर राजनाथ और अमित शाह की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 1947 में भारत के विभाजन की भयावहता को याद करते हुए उस विभाजन में जान गंवाने लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आजादी के बाद विभाजन का दंश झेलने वाले लोगों को याद करते हुए देश में हर वर्ष 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाया जाता है। इस अवसर पर सिंह ने देश के इतिहास के उस 'दर्दनाक अध्याय' को याद करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर 1947 के उस दर्दनाक अध्याय को याद करते हुए मैं उन सभी भाइयों और बहनों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्हें भारत के विभाजन के बाद नफरत और हिंसा के भयावह परिणामों को सहना पड़ा।














**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# यूपी में नहीं किया कोई स्कूल बंद, 40 लाख बच्चे जुड़े शिक्षा से

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** विपक्ष द्वारा लगाये गये 29 हजार स्कूल बंद करने के आरोप को सिरे से खारिज करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था पहले से कहीं अधिक मज़बूत और आधुनिक हुई है। विधानसभा में विजन डाक्यूमेंट पर चर्चा के दौरान सदन को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि स्कूल बंद नहीं हो रहे, बल्कि उन्हें बेहतर सुविधाओं के साथ इंटीग्रेटेड कैंपस में बदला जा रहा है। योगी ने स्पष्ट किया कि ये ऐसे स्कूल हैं जिनमें 50 से कम छात्र हैं और जो एक किलोमीटर के दायरे में स्थित हैं।



इनका पेयलरग बड़े और सुसज्जित कैंपस से किया जा रहा है, ताकि छात्र-शिक्षक अनुपात 22:1 रखा जा सके और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2017 से पहले प्रदेश के एक लाख 56 हजार बेसिक व संब( विद्यालयों की स्थिति बेहद खराब थी। शिक्षक-छात्र अनुपात असंतुलित था, ढांचागत सुविधाओं का अभाव था और ड्रॉपआउट दर देश में सबसे अधिक थी। जुलाई 2017 में शुरू हुए स्कूल चलो अभियान और ऑपरेशन कायाकल्प के तहत हर विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, ग्रामवासी और पूर्व छात्र को स्कूल गोद लेने का आह्वान किया गया। इसके नतीजे में आज स्कूलों में फर्श, अलग शौचालय, पेयजल, बिजली, सोलर पैनल, डिजिटल लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, खेल मैदान और बैठने की बेहतर सुविधाएं हैं। बच्चों को दो यूनिफॉर्म, बैग, किताबें, जूते और मोज़े मुफ्त मिल रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि जो विद्यालय बचेंगे वहां पर 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए बालवाटिका और प्री-प्राइमरी कक्षाएं शुरू की जाएंगी, जिनमें एलकेजी, यूकेजी और नर्सरी की पढ़ाई होगी। इसके साथ ही यहां पर सीएम पोषण मिशन के लिए 100 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज स्वीकृत किया गया है, ताकि कुपोषण और एनीमिया से पीड़ति बच्चों को विशेष आहार दिया जा सके। योगी ने कहा कि 2017 के बाद से ड्रॉपआउट दर में भारी कमी आई है और 40 लाख अतिरिक्त बच्चे स्कूल से जुड़े हैं। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत 75 साल पुराने इंटर कॉलेजों का नवीनीकरण, नई प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लास और पेयजल व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 150 सरकारी आईटीआई में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और स्पेस टेक्नोलॉजी के कोर्स जोड़े गए हैं। अब तक 71 नए सरकारी कॉलेज और कई विश्व. विद्यालय स्थापित किए जा चुके हैं। डिजिटल शिक्षा के तहत 50 लाख युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन दिए गए हैं। रोज़गार के विषय में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले भर्तियों में अनियमितता और पक्षपात था। अब तक 8.5 लाख युवाओं की भर्ती की गई है, जिनमें 1.75 लाख महिलाएं हैं। महिला श्रमबल भागीदारी 13.5 प्रतिशत से बढ़कर 35 प्रतिशत हो गई है, जबकि बेरोज़गारी दर 19 से घटकर तीन फीसदी रह गई है। महिला श्रमबल की भागीदारी 13.5 से बढ़कर 35 प्रतिशत हो गई है। बेरोज़गारी दर 19 से घटकर तीन प्रतिशत रह गई है। सीएम युवा के तहत पहले प्रशिक्षण और स्क्रीनिंग की व्यवस्था की गई। परिणामस्वरूप, आज उत्तर प्रदेश में एक करोड़ 65 लाख से अधिक युवाओं को सभी सेक्टरों में काम करने का अवसर प्राप्त हुआ है। प्रदेश में आज सात हजार 200 स्टार्टअप और 50 इनक्यूबेटर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। हाल ही में हमने 62,200 पुलिसकर्मियों की भर्ती की है, जिनमें हर जनपद और हर विधानसभा क्षेत्र से युवा शामिल हैं। पुलिस प्रशिक्षण क्षमता को 3,000 से बढ़ाकर 60,000 तक पहुंचाया गया है। पहले पुलिस का ढांचा जर्जर बैरकों पर आधारित था, लेकिन आज किसी भी शहर में जो हाई-राइज़ बिल्डिंग होगी, वह यूपी पुलिस की आवासीय सुविधा होगी, जहां पुलिस जवानों के भवन होंगे। वर्तमान में प्रदेश के सामने सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र साइबर क्राइम है। पहले साइबर क्राइम का केवल एक थाना गौतम बुद्ध नगर में था, दूसरा थाना लखनऊ में खुला। आज सभी 75 जनपदों में एक-एक साइबर थाना सक्रिय हो चुका है।


## कार्यालय नगर पंचायत कटरा-गोण्डा

पत्रांकः-222 / न0पं0क0 / (विज्ञापन) / 2025-26 दिनांकः-13.08.2025

**स्वतन्त्रा दिवस 2025 के शुभ अवसर पर नगर पंचायत कटरा अपने नागरिको का हार्दिक अभिनन्दन करती है। एंव उनसे निम्न अपील करती है।**

1. अपने भवनकर व जल मूल्य की अदायगी समय से करें।
2. जन्म मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर अवश्य करायें
3. सर्वाजनिक मार्गो गलियों एवं नालियों पर अतिक्रमण न करें।
4. कूडा कूडेदान में ही डालें तथा सफाई के उपरान्त कूडा कचरा सडक पर न डालें।
5. पालीथीन का प्रयोग न करें। सामान खरीदने हेतु कपड़े का थैला साथ ले कर जायें।
6. पानी पीने के उपरान्त टोटी को खुला न छोडे।
7. जल ही जीवन है इसे बरबाद न करें।
8. अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान दे तथा अपने आस पास सफाई बनाये रखें।
9. खुले में शौच न जाये एवं अपने बच्चों को खुले में शौच न करायें।

**यह नगर आप का है इसे स्वच्छ बनाये रखने में प्रशासन का सहयोग करें।**

**नगर वासियों की सेवा में सदेव तत्पर एवं कृत संकल्पित।**

**नगर के विकास में सहयोग आप का प्रयास हमारा।**

नेहा मिश्रा
अधिशासी अधिकारी / उपजिलाधिकारी
नगर पंचायत कटरा
गोण्डा

शमा परवीन
अध्यक्ष
नगर पंचायत कटरा
गोण्डा


### काशी में कल से शुरू होगा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

**वाराणसी।** महादेव की नगरी काशी में 15 से 17 अगस्त तक दुर्गाकुंड स्थित इस्कॉन मंदिर में तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा।

## जब राजा जागता है, तो जनता निर्विघ्न सोती है: दयाशंकर सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने विधानभवन में कहा कि जिस राज्य का राजा जागता है तो उस राज्य की जनता निर्विघ्न होकर सोती है,

और यही रामराज की वास्तविक पहचान है। विजन डॉक्यूमेंट और विकसित उत्तर प्रदेश 2047 पर केंद्रित उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे विधानमंडल सत्र के दौरान दयाशंकर सिंह देर रात तकरीबन दो बजे से सवा तीन बजे तक अपने सहयोगी सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर और विधायक राकेश सिंह के साथ मीडिया सेंटर पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि 11 अगस्त से शुरू हुआ मानसून सत्र का मुख्य आकर्षण 'विकसित भारत, विक. सित उत्तर प्रदेश 2047' विजन डॉक्यूमेंट पर केंद्रित है जिसके लिए 24 घंटे की विशेष चर्चा हम यहां उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान सभा का यह सत्र न केवल 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047' के विजन को मूर्त रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सुनील कुमार पासी वरिष्ठ भाजपा
मंडल महामंत्री ब्लाक सिंहपुर जिला अमेठी भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 12

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



जितेन्द्र सिंह
प्रौपराटर शांति ब्रिक फील्ड, किसान ब्रिक फील्ड खरौली मवई आलमपुर जायस अमेठी

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



प्रधानाचार्य उमेश चन्द्र पटेल
आदर्श पब्लिक इंटर कालेज रेलवे स्टेशन रोड जायस बहादुरपुर अमेठी

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गुलाम अशरफ प्रधानाचार्य
प्राथमिक विद्यालय चकभूर बहादुरपुर अमेठी

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



वसीम उल्ला उर्फ लल्ला किंग
समाजसेवी नगर पालिका जायस अमेठी

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मलिक मोहम्मद जायसी
मेमोरियल हास्पिटल, संदली गुंबज के सामने जायस अमेठी सुविधाएं ओपीडी, आईपीडी नार्मल डिलीवरी सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सना
डायग्नोस्टिक सेंटर जगदीशपुर रोड़ जायस अमेठी
प्रौपराटर डॉ कलीम

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



पंकज कुमार तिवारी
प्रौपराटर पब्लिक डायग्नोस्टिक सेंटर रायबरेली रोड संदली गुंबज के सामने जायस अमेठी सुविधाएं डिजिटल एक्स-रे ईसीजी पैथालॉजी अल्ट्रासाउंड

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



डा.आलोक कुमार तिवारी
प्रबंधक विद्या कलश हाई स्कूल विद्या कलश प्राइमरी स्कूल खानापुर चपरा ब्लाक सिंहपुर तहसील तिलोई अमेठी

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



फकीर मोहम्मद उर्फ मिस्टर भाई
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ग्राम पंचायत आजादपुर ब्लाक सिंहपुर

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सतीश कुमार यादव
प्रधान प्रतिनिधि ग्राम पंचायत पिपरी अहमदाबाद ब्लाक सिंहपुर अमेठी

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



संतोष कुमार सिंह चौहान
ग्राम प्रधान चिरैया ब्लाक हैदरगढ़ बाराबंकी

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



जसवंत मौर्य
प्रधान सराय गोपी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुबेहा बाराबंकी



# लापता युवक का शव गटर में मिला

## मोहल्ला जोशियान में मातम, परिजनों ने दोस्त पर लगाया हत्या का आरोप





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गुरुवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब काशीराम आवास कॉलोनी के नाले से 23 वर्षीय युवक का सड़ा-गला शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान मोहल्ला जो. शियान निवासी अर्जुन जोशी पुत्र योगेंद्र जोशी के रूप में हुई। चार दिन से लापता अर्जुन की तलाश में जुटे परिजनों ने मौके पर ही आरोप लगाया कि हत्या उसके ही एक करीबी दोस्त ने की है।

नगर के मोहल्ला जोशियान निवासी योगेंद्र कुमार का पुत्र अर्जुन चार दिन पहले संदिग्ध अवस्था में गायब हो गया था। हर संभावित स्थान पर तलाश करने के बाद भी जब अर्जुन का कोई सुराग नहीं लगा तो उसके पिता ने धामपुर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। योगेंद्र ने अर्जुन के एक दोस्त पर उसे गायब करने में शक जताया। परिजन अपने स्तर से भी अर्जुन के दोस्त से पूछताछ कर रहे थे। उधर परिजन जब अर्जुन की तलाश में गुरुवार सुबह काशीराम कॉलोनी के पास पहुंचे तो उन्हें तेज बदबू आने पर शक हुआ। सूचना पाकर मोहल्लेवासी मौके पर पहुंचे तो गटर में तैरता हुआ एक शव नजर आया। देखते ही देखते इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे और कोतवाल राजेश चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को बाहर निकाला गया तो परिजनों की चीख-पुकार गूंज उठी। मृतक के कपड़ों से उसकी पहचान की गई, क्योंकि शव इतनी बुरी तरह सड़ चुका था कि चेहरा पहचानना मुश्किल था।

### गुमशुदगी से सनसनी तक

मृतक अर्जुन जोशी चार दिन पहले अचानक रहस्यमय हालात में लापता हो गया था। परिजनों ने थक-हारकर पिता योगेंद्र के जरिए कोतवाली धामपुर में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इस दौरान योगेंद्र ने अर्जुन के ही एक दोस्त पर संदेह जताया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की और संदिग्ध को दो दिन पहले हिरासत में भी लिया था, लेकिन तब तक युवक का कोई सुराग नहीं मिला।

### राजनीतिक हस्तियां भी पहुंचीं

घटना की खबर मिलते ही पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी समेत सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को पसीने छूट गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत रैली निकाली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी तथा एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत एनसीसी कैडेट्स तथा एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा एनसीसी के अधिकारी कैप्टन अशोक कुमार तथा एनएसएस के परियोजना अधिकारी मौ.आरिफ के नेतृत्व में एक रैली का आयोजन किया गया।

प्रोफेसर साधना ने सबसे पहले कैडेट्स तथा स्वयंसेवकों को कुछ तिरंगे वितरित किए तथा तिरंगे के विषय में जानकारी दी। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर चौधरी चरण सिंह चौक, बस अड्डा होते हुए रेलवे स्टेशन तक गई तथा रेलवे स्टेशन पर लोगों को जागरुक भी किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह तिरंगा हमारे देश की शान है तथा सभी विद्यार्थियों को अपने-अपने घरों पर 15 अगस्त पर तिरंगा अवश्य लगाना चाहिए। इसके पश्चात एनसीसी तथा एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात महाविद्यालय में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों तथा समस्त उपस्थितगणों को विभाजन की विभीषिका के बारे में बताया गया एवं उन्हें इस ऐतिहासिक घटना के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक करने के लिए विभाजन से संबंधित डॉक्यूमेंट्री का स्क्रीन पर प्रसारण भी किया गया। इसके पश्चात विभाजन की त्रासदी के दौरान प्राणोत्सर्ग करने वाले व्यक्तियों की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा, प्रोफेसर दिनेश सिंह, प्रोफेसर महिपाल सिंह, डॉ. जैनुलआब्दीन, डॉ. अखिलेश देवी, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ. संतोष देवी, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. कुलदीप, सनी कुमार तथा मौ. सलीम, मौ. सुलेमान, डॉ. देवेश कुमार, अमित मलिक, अरविंद गौतम, डॉ. मीनाक्षी चौहान, कु. इलमा, पूजा राजपूत आदि शिक्षकगण के अतिरिक्त एनसीसी कैडेट्स तथा एनएसएस के स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी, कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (सामाजिक) के जिला उपाध्यक्ष आरेन्द्र कुमार व नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी ने मुख्यमंत्री के नाम एक प्रार्थना पत्र क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपकर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार (भोले) एड. को मिली जान से मारने की धमकी के मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के मुताबिक 13 अगस्त की रात करीब 9:30 बजे अध्यक्ष शिव कुमार के मोबाइल नंबर पर 8279559541 से कॉल कर गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। कॉल के दौरान अन्य लोगों की आवाजें भी सुनाई दीं, जो अपशब्द कह रहे थे और धमकियां दे रहे थे।

आरेन्द्र कुमार व अब्दुल बारी ने कहा कि यह घटना गंभीर अपराध है और इसमें शामिल आरोपियों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है, ताकि भविष्य में कोई असामाजिक तत्व इस तरह की हरकत करने का साहस न कर सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के जिला उपाध्यक्ष आरेन्द्र कुमार, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. इकरार, नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद अहसान शाही, शुऐब, मोहम्मद मोनिस, नरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# तिरंगा पैदल यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## भारत माता की जय के उदघोषों से गूंजा शहर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कालेजेस बिजनौर द्वारा 79 वे स्वतंत्रता दिवस के महापर्व पर बिजनौर शहर में तिरंगा पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा पैदल यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति का जश्न मनाते हुए घर-घर तिरंगा अभियान के तहत सभी को जागरूक व प्रोत्साहित करना एवं हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय धवज के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

तिरंगा पैदल यात्रा का शुभारम्भ प्रशासनिक अधिकारी कुनाल रस्तौगी, सयुंक्त मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, सहायक पुलिस अधीक्षक गौतम राय, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार और कालेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार व समस्त प्राचार्यों ने संयुक्त रूप से किया।

चेयरमैन मनोज कुमार ने स्वतंत्रता दिवस पर विद्यार्थियों को संदेश दिया कि यह तिरंगा यात्रा देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि इस जन आंदोलन द्वारा देशवासी उस स्वतंत्र भारत को विकसित और सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए संकल्पित हैं, जिसका सपना असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने त्याग, तप और समर्पण से देखा था। निदेशक पवन कुमार ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा शहरवासियों में सद्भाव और एकजुटता की भावना को बढ़ाने का कार्य करेगी।

तिरंगा पैदल यात्रा के माध्यम से कृष्णा ग्रुप ऑफ कालेजेस बिजनौर जिलेवासियों को आजादी के रंग में रंगकर इस पावन पर्व को मनाता है। शहरवासी भी इस यात्रा में सम्मिलित होकर इसे और अधिक भव्य बनाने में सहयोग देते हैं। जब कृष्णा ग्रुप के सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र छात्राएं भारत माता की जय का उदघोष करते हुए बिजनौर शहर के चौराहों से गुजरते हैं तो आजादी का जश्न और अधिक सुहावना हो जाता है।

तिरंगा पैदल यात्रा नेहरू स्टेडियम से आरम्भ होकर कलेक्ट्रेट, डाकखाना चौराहा, शास्त्री चौक होते हुए नेहरू स्टेडियम पहुंचकर समाप्त हुई। छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगों व तख्तियों पर नारों को लिखकर उन्हें लहराते हुए भारत माता की जय, वन्दे मातरम्, अमर शहीदों की जय के नारों से वातावरण को गुंजायमान किया एवं शहरवासियों को राष्ट्र भक्ति के रंग में रंग दिया।

इस यात्रा में कृष्णा ग्रुप ऑफ कालेज के समस्त प्रवक्ताओं व छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। भारत माता की जय के उदघोष ने शहरवासियों को देश भक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया।

इस तिरंगा पैदल यात्रा ने बिजनौर के सभी नगरवासियों को आजादी के गीतों द्वारा स्वतंत्रता दिवस की यादों से जोड़ दिया, जिसने सभी नागरिकों में देशभक्ति की भावना का जोश भर दिया।

## एक नजर

### मारपीट और जान से मारने की धमकी



**स्योहारा।** नाजिम की दुकान मोहल्ला पीर का बाजार में स्थित है, जिसे उन्होंने रिहान पुत्र सुल्तान को घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण अस्थायी रूप से उपयोग के लिए दी थी। तय हुआ था कि जब नाजिम को दुकान की आवश्यकता होगी तो रिहान उसे खाली कर देगा। पीड़ित का आरोप है कि पिछले चार महीनों से दुकान खाली करने के लिए कहने के बावजूद रिहान ने टालमटोल किया। 12 अगस्त की रात करीब 8 बजे नाजिम रिहान से दुकान खाली करने की बात करने पहुंचे तो रिहान गाली गलौच करने लगा और अपने भाई इरफान पुत्र सुल्तान तथा बेटे ताबिश पुत्र रिहान को मौके पर बुला लिया। नाजिम का आरोप है कि तीनों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। इस दौरान ताबिश ने धारदार हथियार से हमला किया, जिससे उनके हाथ पर चोट लग गई और वे लहूलुहान हो गए। शोर सुनकर मोहल्ले के कुछ लोग मौके पर पहुँचे और बीच-बचाव किया। जाते-जाते आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक

**बिजनौर।** सचिव सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, मुरादाबाद राजेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, मुरादाबाद की बैठक मण्डलायुक्त, मुरादाबाद की अध्यक्षता में 13 अगस्त आयुक्त, मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के कार्यालय सभागार में आयोजित की गयी थी। जिसमें 08 अगस्त तक प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार किया गया। प्राधिकरण की बैठक में सम्भाग के अराष्ट्रीयकृत / निजी बस मार्गो पर स्थाई अनुज्ञापत्र हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार, स्थाई सवारी गाड़ी (बस) अनुज्ञापत्रों के हस्तान्तरण हेतु प्राप्त आवेदन पत्र, सीएनजी ऑटोरिक्शा परमिट हस्तान्तरण हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार एवं अन्य विविध प्रकरण/प्रत्यावेदन आदि विषयों पर विचार किया गया।

# आज 15 अगस्त के अवकाश में भी होंगे आईटीआई एडमिशन फॉर्म ऑनलाइन

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि तीन चरण के प्रवेश के उपरांत भी जनपद में संचालित राजकीय आईटीआई में प्रवेश के कुछ स्थान रिक्त रह गए हैं, जिनमें मुख्य रूप से मैकेनिक ट्रैक्टर, प्लंबर, पेंटर जनरल, वेल्डर तथा महिलाओं के लिए ड्रेस मेकिंग, सिविंग टेक्नोलॉजी, फैशन टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर एडेड एंब्रायडरी आदि ट्रेड है। इन ट्रेड के लिए ऐसे अभ्यर्थी जिनका पूर्व में किसी संस्थान अथवा ट्रेड के लिए चयन हो गया था किंतु वह किन्हीं कारणों से प्रवेश नहीं ले पाए थे। वह अब ऑनलाइन कर अपना विकल्प परिवर्तन कर सकते हैं तथा वह अभ्यर्थी जिन्होंने आवेदन पत्र ऑनलाइन किया था, किंतु उनका किसी भी संस्थान अथवा ट्रेड में चयन अभी तक नहीं हुआ था, वे भीअपना विकल्प परिवर्तन कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अभी तक आवेदन पत्र ऑनलाइन नहीं किया था, अब आवेदन पत्र ऑनलाइन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के हित में उन्हें यह सुझाव दिया जाता है कि वह ऐसी ट्रेड भरें जिनमें स्थान उपलब्ध है। रिक्त स्थान का विवरण www.scvtup.in पर ऑनलाइन करते समय पर देखा जा सकता है। इसके लिए आवेदन पत्र करने की अंतिम तिथि आज 15 अगस्त 2025 रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित है। इसके लिए आज 15 अगस्त के अवकाश में भी आवेदन पत्र ऑनलाइन की प्रक्रिया जारी रहेगी।

# कार्यशाला में आत्म ज्ञान पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर/नूरपुर।** प्रेम रावत फाउंडेशन द्वारा एसकेएम इंटर कॉलेज, मझोला गुज्जर चांदपुर में आयोजित पीस एजुकेशन कार्यक्रम के दूसरे दिन का विषय 'आंतरिक शक्ति और स्वयं को जानना' रहा। इस कार्यशाला ने प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह पैदा किया, जिसका उद्देश्य उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने और उनसे सीखने के लिए सशक्त बनाना था।

प्रिंसिपल शिव कुमार ने बताया कि प्रेम रावत का प्रयास सरल भाषा में व्यक्ति के कौशल विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता लाना है। इस कार्यशाला का मुख्य संदेश यह था कि मनुष्य की सबसे बड़ी उपलब्धि स्वयं को जानना और अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानना है। प्रेम रावत ने अपने संबोधन में मनुष्य को स्वयं पर जीत हासिल करने के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति अपनी आंतरिक शक्ति को पहचान लेता है, तो वह बलवान हो जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि जीवन में समस्याएं आती-जाती रहती हैं लेकिन कोई भी समस्या मनुष्य से बड़ी नहीं होती। श्री रावत ने असफलता को जीवन की एक स्वाभाविक प्रक्रिया बताते हुए कहा कि असफलता को स्वीकार न करना ही सफलता की सीढ़ी है। यह दृष्टिकोण व्यक्ति को चुनौतियों का सामना करने और उनसे सीखने में मदद करता है। उन्होंने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब छात्रों को परीक्षा में कम अंक मिलते हैं या वे अपने लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाते तो वे जल्दी निराश हो जाते हैं। ऐसे में प्रेम रावत का संदेश आशा का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन जाता है और यह पीस एजुकेशन प्रोग्राम एक मजबूत सहारा साबित हो रहा है। यह कार्यशाला छात्रों के साथ-साथ अध्यापकों और स्टाफ को अपनी आंतरिक शक्ति का एहसास कराकर उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाएगी, जिससे वे जीवन की बाधाओं का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें। कॉलेज प्रबंधन टीम ने प्रेम रावत फाउंडेशन के स्वयंसेवकों को उनके प्रयासों और इस महत्वपूर्ण कार्यशाला को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। यह विश्वास है कि 'आंतरिक शक्ति और स्वयं को जानना' विषय पर आधारित यह कार्यशाला प्रतिभागियों को न केवल शैक्षणिक बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** सकल सनातन समाज के तत्वाधान में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के कार्यक्रम के तहत पूर्वी चौधरियान शिव मंदिर हाथी वाला मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा को मंदिर समितिया द्वारा आयोजित कार्यक्रमों भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा को नगर भ्रमण व वस्त्र धारण के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पूर्वी चौधरीयान शिव प्रबंध समिति के तत्वावधान में कृष्ण जन्माष्टमी के जन्म महोत्सव पर चल रहे कार्यक्रम के तहत कमल वर्मा व उनके परिवार ने अपने आवास से भगवान श्री कृष्ण की बाल रूप प्रतिमा लेकर नगर भ्रमण कराया। नगर भ्रमण के दौरान पालकी में भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा को लेकर बैंड में ढोल के साथ मोहल्ला कायस्थान, सराय जोखा सिंह, पंचायत मंदिर, चौधरीयान से होते हुए मंदिर परिसर जाकर संपन्न हुई। मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा को वस्तरण कराए गए। महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अरविंद शर्मा, आशु कौशिक सुनील वर्मा, काव्य वर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, रजनीश शर्मा, महिलाएं व पुरुष कार्यक्रम में शामिल रहे। इसी क्रम में हाथी वाला मंदिर परिसर में पीयूष गोयल व उनकी धर्मपत्नी शिल्पी गोयल ने अपने आवास से महिला पुरुषों के साथ भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा को लेकर मोहल्ला जमा मस्जिद, सुनारों वाली गली, हाथी वाला मंदिर से होते हुए मंदिर परिसर जाकर मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा व राधा को वस्त्र धारण काराये। इस अवसर पर वैभव गोयल, हर्षित मित्तल, राधिका गोयल, समृद्धि, उषा गोयल, शिखा, मुकेश गुप्ता, राकेश अग्रवाल, विनिल वर्मा, सत्य जैन, आशुतोष अग्रवाल, स्वतंत्र अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, ऐश्वर्या चौधरी, मीरा अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, मंजू गोयल आदि महिला मंडल ने भजन कीर्तन करके कार्यक्रम को आकर्षक बनाया।

# एमएम इंटर कॉलेज व मदरसे के छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा यात्रा अभियान के अंतर्गत नगर के स्कूल, कॉलेजस और मदरसे में तिरंगा यात्रा निकाली गईं। इस अवसर पर नगर के एम.एम. इंटर कॉलेज में तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशाल रैली नगर में निकाली गई।

रैली पुलिस कांस्टेबिल की उपस्थिति में प्रधानाचार्य हाजी मो. ताहिर ने हरी झंडी दिखाकर कॉलेज से रवाना किया। तिरंगा यात्रा के दौरान छात्रों के जोश भरे उदघोष हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा, हमारी शान तिरंगा से नगर का वातावरण देशप्रेम से ओत प्रोत हो गया। रैली में कॉलेज के शिक्षक इशरत जमाल, सैय्यद बिलाल अकबर, तय्यब हसन खान, काजी फिरोज अहमद, रिजवान बारी, नवाज शरीफ, इमरान अहमद, सलीम अहमद आदि उपस्थित रहे।

उधर मदरसा मिफ्ताहुल उल उलूम में भी हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई जो कि मदरसा से शुरू होकर बाजार नेहरू चौराहा तक होती हुई वापस मदरसा में पहुंचकर समाप्त हुई।

तिरंगा यात्रा का नेतृत्व प्रधानाचार्य कर रहे थे जबकि तिरंगा यात्रा का नेतृत्व शिक्षक फरजान अहमद, शिक्षक सरताज अनवर, मास्टर शमीम अहमद, मौलाना अनजार, निगहत परवीन सहित समस्त स्टाफ ने इस रैली में प्रतिभाग किया। तिरंगा यात्रा में बच्चों के हाथों में विभिन्न प्रकार के नारे लिखी तख्तीयां थीं, जिन पर देश प्रेम के सन्देश लिखे हुए थे।

# टेण्डर देने के नाम पर खेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बीएसए को उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने लाखों रूपए की डील कर करीबी को नियम विरुद्ध टेण्डर देने का प्रयास किया है।

बता दें बीएसए के करीबी BDOT कंपनी को टेण्डर न मिल पाने की स्थिति में दो बार निरस्त कर चुका है। उक्त टेण्डर के मामले में उच्च न्यायालय इलाहाबाद में 14 जुलाई 25 को आदेश दिया कि याचिकाकर्ता SKT company को नवीन टेण्डर में सुविधा देते हुए सम्मलित किया जाए। लेकिन बीएसए ने हाईकोर्ट के आदेश से पूर्व ही निविदा निकाल दी। बीएसए के यहाँ वर्तमान में भी BDOT का टेण्डर संचालित है। उसी को और लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से नए नए तरीके से स्कैम करने की फिराक में लगा हुआ है। उक्त टेण्डर पहले भी BDOT company की झूठी शिकायत पर ही बिना सबूत के टेण्डर प्रक्रिया में निरस्त कर दी थी। इस बार भी हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए बिना कारण बताये SKT कम्पनी को डिस क्वालीफाई कर दिया।

बीएसए बिजनौर पर करीबी ठेकेदार को नियम विरुद्ध ऐजुकेटर टेण्डर देने का प्रयास किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत कर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल के अलावा कई बार आलाधिकारियों को ईमेल, व्हाट्सएप, रजिस्ट्री द्वारा शिकायत की है। उधर बीएसए इस मामले में मौन है। मामला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेन्द्र कुमार, कंप्यूटर आपरेटर मनोज कुमार व एक अन्य कर्मचारी से जुड़ा हुआ है।

आरोप है कि निविदा संख्या GEM /2025/ठ/6287640 दिनांक 29.5.2025 को निकाली गई निविदा में नियम विरुद्ध करीबी ठेकेदार को एमएसएमई एक्ट में छूट देते हुए आरक्षित कर दिया है, जबकि टेण्डर में साफ साफ स्पष्ट है कि ईएमडी में एमएसएमई की छूट का कोई प्रावधान नहीं है और 1% ईएमडी /एफडीआर के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।

बताते चलें कि उक्त निविदा टेण्डर प्रक्रिया में शिकायत कर्ता विजेंद्र सिंह की कंपनी सहित 11 कम्पनी क्वालीफाई हुई है। आरोप है कि बीएसए एमएसएमई में छूट देने के स्कैम करने की फिराक में लगा है। यदि अपने मंसूबे में सफल हो जाता है तो करीबी कंपनी RAX इण्डस्ट्रियल सिक्योरिटी व BDOT टेकमेक मैनेजमेंट में से कंप्यूटर ऑटोरन में एक को अप्रूव्ड कर देगा। शेष नौ कंपनियों के अधिकारों का हनन साथ साथ सरकार की GEM प्रक्रिया की छवि धूमिल हो जाएगी। शिकायतकर्ता ने तत्काल उच्च स्तरीय जाँच की माँग की है।

# अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा का प्रदर्शन

## एसडीएम को सौंपा मांग पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने तहसील नजीबाबाद पर किया जोरदार प्रदर्शन। राष्ट्रपति को उप जिलाधिकारी के माध्यम से संबोधित मांग पत्र प्रेषित किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद हुसैन, मोहम्मद तकी, दयाराम सिंह, अर्जुन सिंह, अब्दुल कादिर, कुलविंदर कुमार, रवि कुमार, महेंद्र सिंह के नेतृत्व में मजदूर एवं किसान नारेबाजी करते हुए तहसील नजीबाबाद एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां पर राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र दिया गया।

जुलूस प्रदर्शन में बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत छोड़ो, कॉर्पोरेट खेती छोड़ो, एसपी गारंटी कानून बनाओ, किसान मजदूर के सभी कर्ज माफ करो, मोदी सरकार कारपोरेट की दलाली बंद करो, भगत सिंह के देश में कंपनी राज नहीं चलेगा आदि नारे लगा जा रहे थे।

सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद हुसैन ने कहा कि यूके प्रोसेसड फूड, डेयरी, सब्जियां फल का आयात बंद किया जाए। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत पर 50% टैरिफ जो लगाया गया है, संयुक्त किसान मोर्चा इसका विरोध करता है, मोदी सरकार ने जो एसपी गारंटी कानून बनाने के लिए वादा किया था उसे पूरा करें, प्रदेश सरकार 300 यूनिट बिजली मुफ्त दे, स्मार्ट मीटर लगाना बंद किया जाए। सरकारी स्कूलों के मर्ज के आदेश को सरकार वापस ले, जिसमें 50 से कम छात्रों वाले 5000 स्कूलों को बंद कर रही है, यह स्कूलों की जमीन /संपत्ति को बेचने की सरकार की योजना है। सरकार इसे वापस ले और सरकारी विद्यालय में खाना बनाने वाली रसोइयों को नियमित कर 26000 रुपए वेतन दिया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे के भ्रष्टाचार की जांच करा कर एवं साइट खोलकर सभी गरीबों के घरों का सर्वे कराकर उन्हें योजना का लाभ दिलाया जाए, एक यूनिट पर 4 से 4:30 किलो खाद्यान्न दिया जा रहा है, इसकी कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए और 1 किलो प्रति यूनिट राशन दिया जाए, रूपए 10000 प्रतिमाह वृद्ध, विधवा, विकलांग को पेंशन दी जाए, सरकार की पुराने ट्रैक्टर वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की नीति गलत है, 10 वर्ष से पुराने सभी डीजल वाहनों को प्रतिबंधित करना अव्यवहारिक है। सरकार नई कृषि विपणन नीति लाई है, जिसे रद्द किया जाए, ग्राम समाज, सीलिंग, पड़ती की भूमि को कब्जा मुक्त कराकर गरीब भूमिहीनों को उसके पट्टे दिए जाएं।

सभा की अध्यक्षता शमशाद हुसैन एवं संचालन कपिल कुमार ने किया। भागीरथ, तबस्सुम, नदीम, फातिमा, अर्जुन सिंह, मुन्नें, लखीराम, जहीर अहमद, रुबीना, गुलफसा आरती देवी, सुमन देवी दर्जनों लोग शामिल रहे।

### रोजगार सेवकों का सर्वे करने का विरोध

**हल्दौर।** ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत 87 ग्राम पंचायतों में करीब 40 ग्राम रोजगार सेवकों को विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों को पूरा जाने के के लिए तैनात किया गया है। शासन के आदेश पर ई खसरा पड़ताल के अंतर्गत डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे कराए जाने जिम्मा भी ग्राम रोजगार सेवकों को सौंपा गया है। ग्राम रोजगार सेवक ब्लॉक कार्यालय परिसर में एकत्र हुए। ग्राम रोजगार सेवकों का कहना था कि विभिन्न प्रकार की सुविधाओं के अभाव में खेत- खेत पर जाकर खरीफ फसलों का क्राफ्ट डिजिटल सर्वे करने में उन्हें विभिन्न प्रकार की दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। सर्वे कार्य करने के लिए उनके पास पर्याप्त सुविधा नहीं है। उन्होंने सर्वे कार्य कराए जाने में असमर्थता जताते हुए एक ज्ञापन बीडीओ विक्रम सिंह के नाम दिया है। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार, सुषमा शर्मा, रितू शर्मा, प्रेमलाल सिंह, अंजू, संजीव कुमार, उमराव सिंह मौजूद रहे।

### युवाओं ने लिया देश सेवा का संकल्प

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जुनेदपुर गांव में स्वतंत्रता दिवस से पूर्व देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। दरियाव सिंह नागर युवा समिति ने शहीद गुर्जर दरियाव सिंह नागर चौक से तिरंगा रैली का आयोजन किया। समिति के सदस्य मास्टर दिनेश नागर ने शहीद दरियाव सिंह के इतिहास को साझा किया। उन्होंने बताया कि 1857 की क्रांति में दरियाव सिंह ने अंग्रेजी शासन का विरोध किया। उन्होंने अंग्रेजों से खेतों में बैलों की जगह हल चलवाया। इस विद्रोह के लिए बुलंदशहर के काले आम पर उन्हें फांसी दी गई।तिरंगा यात्रा गांव की गलियों से होते हुए शहीद चौक पर पहुंची। वहां दीप प्रज्ज्वलन के साथ शहीद को श्रद्धांजलि दी गई। युवाओं और ग्रामीणों ने देश सेवा के लिए समर्पण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में राकेश नागर, लखमी पंडित, ब्रह्म प्रधान, कमल नागर, बिक्कू नागर, केशव नागर, किरणपाल सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सीएम योगी की तारीफ करना पूजा पाल को पड़ा भारी, सपा ने तत्काल निष्कासित किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी की विधायक पूजा पाल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उनकी कानून व्यवस्था पर खुलकर प्रशंसा करना भारी पड़ गया।

विधान सभा के मानसून सत्र में 'विजन डॉक्यूमेंट 2047' पर चर्चा के दौरान पूजा पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति और सख्त कार्रवाई के चलते उनके पति की हत्या के आरोपी अतीक अहमद और अशरफ को प्रभावी कानूनी प्रक्रिया से न्याय मिला, जिससे उन्हें व्यक्तिगत तौर पर न्याय की अनुभूति हुई। इस बयान को पार्टी ने गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए कुछ ही घंटों में उन्हें निष्कासित कर दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि पूजा पाल का बयान पार्टी लाइन के विपरीत है और इससे संगठन की छवि पर विपरीत असर पड़ा है। उनके खिलाफ 'पार्टी विरोधी गति. विधियों' के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें सभी



पदों से हटाया गया और भविष्य में किसी भी पार्टी कार्यक्रम या बैठक में शामिल होने पर रोक लगा दी गई। भाजपा ने इस निष्कासन को दलित और पिछड़े वर्ग के साथ भेदभाव बताते हुए सपा पर दोहरे रवैये का आरोप लगाया। पूजा पाल का राजनीतिक सफर संघर्षपूर्ण रहा है। वर्ष दो हजार पांच में उनके पति और तत्कालीन विधायक राजू पाल की हत्या के बाद वे राजनीति में आईं। पहले बसपा से जुड़ीं, फिर सपा में शामिल होकर दो हजार बाईस में कौशांबी के चायल विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुनी गईं। हाल ही में राज्यसभा चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग में उनका नाम सामने आने से पार्टी नेतृत्व में उनके रुख पर पहले से ही असंतोष था। इससे पहले भी समा. जवादी पार्टी पर आरोप लग चुके हैं कि उसने अपने विधायकों को राम मंदिर दर्शन न करने के निर्देश दिए थे,

जिससे कई विधायक पार्टी छोड़ चुके थे। अब पूजा पाल के निष्कासन ने सपा के भीतर अनुशासन और निष्ठा के सवाल को फिर से उभार दिया है। पार्टी का रुख साफ है कि किसी भी नेता की व्यक्तिगत राय, यदि वह संगठन की आधिकारिक लाइन से अलग है, तो उसके लिए जगह नहीं है।

## पीडीए हितैषी होने का दिखावा, अतीक अहमद से प्रेम उजागर: रोहित

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पार्टी केवल पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) हितैषी होने का दिखावा करती है, जबकि हकीकत में उसका झुकाव अपरा. धियों के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा समाज से आने वाली महिला विधायक पूजा पाल को केवल सच बोलने के कारण निष्कासित कर दिया गया, जिससे सपा का असली चेहरा सामने आ गया है। रोहित अग्रवाल के अनुसार, पूजा पाल द्वारा मुख्यमंत्री योगी की कानून व्यवस्था की सराहना करना पार्टी को नागवार गुज़रा, क्योंकि सपा के नेताओं को पीडीए से अधिक प्रेम अतीक अहमद जैसे अपराधियों से है।

# स्कूल मर्जर नीति के विरोध में चौराहे पर सपा का हंगामा

### सदन में सीएम बोले, कोई स्कूल बंद नहीं होगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार दोपहर राजधानी के बापू भवन चौराहे पर स्कूल मर्जर नीति के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ताओं ने सरकार की इस नीति को गरीब, ग्रामीण और कमजोर वर्ग के बच्चों के हितों के खिलाफ बताते हुए नारेबाजी की। 'मदिरालय खोलना बंद करो, पाठशाला बढ़ाओ' और सड़क पर बैठकर यातायात बाधित कर दिया, जिससे कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बनी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को हटाया और हिरासत में लेकर इको गार्डन छोड़ा, जिसके बाद यातायात सामान्य हुआ। समाजवादी पार्टी का आरोप है कि सरकार का यह कदम शिक्षा के अधिकार पर कुठाराघात है और इससे विशेषकर दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। पार्टी ने इससे पहले विधान परिषद में भी इस मुद्दे पर वाकआउट किया था, जिसमें एमएलसी मुकुल यादव, अशुतोष सिन्हा, बलराम यादव, राजेंद्र चौधरी, जसमीर अंसारी और नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव शामिल थे। सपा का कहना है कि स्कूलों के विलय के नाम पर शिक्षा व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। उधर, विधानसभा में इस प्रदर्शन के जवाब स्वरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में कोई भी स्कूल बंद नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मर्जर नीति केवल उन स्कूलों पर लागू है जिनमें पचास से कम विद्यार्थी हैं और जो एक किलोमीटर के भीतर अन्य विद्यालयों के पास स्थित हैं।

मुख्यमंत्री के अनुसार, इसका उद्देश्य संसाधनों का बेहतर उपयोग और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। कुछ खाली भवनों को प्लेस्कूल या नर्सरी में बदलने की योजना है, जहां तीन से छह वर्ष के बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा आंगनबाड़ी की मदद से कराई जाएगी। अब तक लगभग साढ़े तीन हजार स्कूलों को प्रारंभिक शिक्षा केंद्रों में बदला गया है और उन्नीस हजार चार सौ चौरासी विशेष शिक्षकों की अनुबंध पर नियुक्ति की गई है।

## स्वतंत्रता दिवस जिम्मेदारी का भी प्रतीक: अजय राय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह केवल एक उत्सव ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भी स्मरण कराता है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों वर्षों की गुलामी के बाद भारत को स्वतंत्रता मिली, जिसके लिए महात्मा गांधी, सरदार भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद जैसे अनगिनत वीर सपूतों ने प्राणों की आहुति दी। अजय राय ने कहा कि आजादी एक उपहार के साथ-साथ एक कर्तव्य भी है। हर नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए सदैव समर्पित रहे।

# मुख्यमंत्री के आह्वान पर लखनऊ की सड़कों पर दिखा देशभक्ति का जज्बा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राजधानी लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में देशभक्ति का रंग चरम पर रहा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर बुधवार को उनके नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकली, जिसने शहर के मुख्य मार्गों को राष्ट्रीय ध्वज के रंगों में सराबोर कर दिया। गुरुवार को इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए मंत्री नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में दिव्यांग छात्रों ने विशेष तिरंगा यात्रा निकाली, जिसमें सैकड़ों शारीरिक, ख्रष्टि और श्रवण बाधित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर यह संदेश दिया कि देशप्रेम की भावना में कोई बाधा नहीं होती। दिव्यांग तिरंगा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुज़री और जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया। यात्रा में शामिल विद्यार्थियों ने तिरंगे को हाथों में थामे नारे लगाए और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। मुख्यमंत्री के आ]वान के बाद केवल लखनऊ ही नहीं, बल्कि आसपास के जनपदों में भी तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। इन यात्राओं में विधायकों, सांसदों, सामाजिक संगठनों और स्कूली छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मौसम विभाग द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट के चलते जिला प्रशासन ने जूनियर व प्राइमरी स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की थी, जिससे कुछ स्थानों पर स्कूली कार्यक्रम प्रभावित हुए। इसके बावजूद नागरिक समाज, सांस्कृतिक संस्थाओं और विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपने स्तर से तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया। कई स्थानों पर तिरंगा रन, पदयात्रा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ लोगों ने राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। शहर की गलियों से लेकर चौड़ी सड़कों तक तिरंगे की लहर और देशभक्ति की गूंज ने वातावरण को ऊर्जा से भर दिया। स्वतंत्रता दिवस से पहले इस सामूहिक भागीदारी ने स्पष्ट कर दिया कि घर-घर तिरंगा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान और एकजुटता का प्रतीक है।

# अखिलेश ने दी स्वतंत्रता दिवस की बधाई



### कहा, लोकतंत्र को सशक्त करने की पहले से अधिक आवश्यकता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि भारत को आजादी महात्मा गांधी के नेतृत्व में अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान से मिली है।

उन्होंने कहा कि इस आजादी की असली सुरक्षा आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने में है।

अखिलेश यादव ने कहा कि आज के समय में लोकतंत्र को सशक्त करना और स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों को जीवित रखना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। उन्होंने सभी नागरिकों से समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लो. कतांत्रिक भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

## एक नजर

### सरकार 2027 तक राज्य को उच्च शिक्षा में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत: उपाध्याय

**लखनऊ।** विधानसभा के मानसून सत्र में उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रदेश को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर, आधुनिक और वैश्विक प्रतिस्पर्धी बनाने का लक्ष्य है, जिसके लिए शिक्षा की पहुंच, गुणवत्ता, रोजगार सृजन, शोध और नवाचार के क्षेत्रों में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) 20-18 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय जीईआर 28 प्रतिशत है। 2047 तक इस अनुपात को 60 प्रतिशत तक ले जाने और लैंगिक व सामाजिक समानता सुनिश्चित करने की योजना है। उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए लक्ष्य रखा गया है कि 2047 तक प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक विश्वविद्यालय स्थापित हो और कुल 125 विश्वविद्यालयों का जाल बिछाया जाए। गरीब और मेधावी छात्रों को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों को प्रदेश में अपने कैम्पस खोलने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस दिशा में सिडनी और मोनाश विश्वविद्यालयों के साथ समझौता हो चुका है, जबकि जापान और रूस के विश्वविद्यालयों से वार्ता जारी है। यूनाइटेड लकगडम की 'चिवनिंग-भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी छात्रवृत्ति योजना' के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष प्रदेश के पांच मेधावी छात्रों को स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए यूके भेजा जाएगा। गुणवत्ता सुधार पर जोर देते हुए उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों को नैक रैंलकग में शामिल कराना और कम से कम पचास प्रतिशत को 'ए' ग्रेड से ऊपर की ग्रेलडग दिलाना लक्ष्य है। इसके साथ ही 20 प्रतिशत विश्वविद्यालयों को देश के शीर्ष 100 में और 10 प्रतिशत विश्वविद्यालयों को विश्व के शीर्ष 500 में स्थान दिलाने की योजना बनाई गई है। प्रदेश के 25 संस्थानों को एनआईआरएफ रैंलकग में, 25 प्रतिशत विश्वविद्यालयों को क्यूएस एशिया रैंलकग में और 10 प्रतिशत विश्वविद्यालयों को क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंलकग में स्थान दिलाने, यूजीसी ग्रेड-1 मे 03 विश्विद्यालय है जिसे बढ़ाकर 20 करने का लक्ष्य है, ताकि उत्तर प्रदेश देश और विदेश के छात्रों के लिए शिक्षा का प्रमुख केंद्र बन सके। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में प्रवक्ता और प्रोफेसर नियुक्त किए गए हैं। राजकीय महाविद्यालयों में 840 प्रवक्ता पदों में से 801 पर चयन पूर्ण हुआ है, एडेड महाविद्यालयों में 2002 प्रवक्ताओं की नियुक्ति हो चुकी है और अल्पसंख्यक महाविद्यालयों में 170 पदों पर नियुक्तियां पूरी हो चुकी हैं। नवनिर्मित महाविद्यालयों में 2556 पद सृजित किए जा चुके हैं, 120 प्रवक्ताओं की भर्ती पूर्ण हो चुकी है और 1252 प्रवक्ता पदों का अधियाचन लोकसेवा आयोग को भेजा गया है। राज्य विश्वविद्यालयों में कुलसचिव और सहायक कुलसचिव पदों को भरने की कार्यवाही भी चल रही है। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा को उच्चीकृत करने के लिए अब तक 75 अंतर्राष्ट्रीय और लगभग 1300 राष्ट्रीय एमओयू किए जा चुके हैं तथा पीएम ऊषा योजना के तहत 965 करोड़ रुपये की स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त हुई है, जो पूरे देश में सर्वाधिक है।

### विजन डाकुमैंट-2027 सियासी धोखा

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का विजन डॉक्यूमेंट 2047 जनता के साथ सबसे बड़ा राजनीतिक धोखा है। उन्होंने इसे काग़ज़ी जुमलों और झूठे वादों का पुलिंदा बताते हुए कहा कि इसका मक़सद जनता का ध्यान मौजूदा गंभीर समस्याओं से भटकाना है। सुनील सिंह ने कटाक्ष किया कि यह वैसा ही है जैसे किसी डूबते आदमी से कहा जाए, इंतज़ार करो, बाइस साल बाद तुम्हें किनारे लगा देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार न महंगाई, न बेरोज़गारी, न किसानों की आत्महत्याओं और न कानून-व्यवस्था की बदहाली पर कोई ठोस कदम उठा रही है, बल्कि चुनावी नौटंकी और प्रचार तंत्र से जनता को गुमराह कर रही है। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि जनता अब खोखले नारों और काग़ज़ी सपनों के जाल में फंसने वाली नहीं है। हम 2047 नहीं, 2025 में हक़ और न्याय चाहते हैं, और जनता सत्ता से धोखे का बदला ज़रूर लेगी।

### आनंदीबेन ने किया देवाधिदेव का रुद्राभिषेक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को राजभवन में आयोजित सामूहिक रुद्राभिषेक में हिस्सा लिया और भगवान शिव को जल, दूध, बेलपत्र एवं पुष्प अर्पित कर प्रदेश तथा देश की शांति, समृ( और कल्याण की कामना की। रुद्राभिषेक में राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से सम्पूर्ण परिसर भक्तिमय एवं आध्यात्मिक वातावरण से भर गया।

# अखिलेश यादव ने साधा निशाना, कहा: मुख्यमंत्री नकलची

### भाजपा का 'विजन' सिर्फ भ्रष्टाचार व लूट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ह्नकलचीह् हैं, दिल्ली में जो बात होती है, उसकी नकल कर उत्तर प्रदेश की जनता को नए सपने दिखाते हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब जनता और विधायकों के असली सवालों से बचने और उन्हें धोखा देने के लिए किया जा रहा है। विधानसभा में सत्ता पक्ष के विधायक और मंत्री तक मौजूद नहीं रहते, बल्कि सुनने में आता है कि मंत्रियों की डड्यूटी बारी-बारी से सोने की लगाई जाती है। उन्होंने कहा, हजब सरकार ही मंत्रियों को सोने के लिए कह रही है तो क्या विजन डॉक्यूमेंट बनेगा? इनका एक ही विजन हैख़्र लूटो, भ्रष्टाचार करो, चंदा लो। अखिलेश ने यह बातें चक गंजरिया स्थित संस्क्रति स्कूल के निरीक्षण के दौरान मीडिया से कही। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में बने इस स्कूल को भाजपा सरकार ने बजट रोककर बंद कर दिया, जबकि शिक्षा खुशहाली का रास्ता खोलती है और गरीब का भाग्य बदलती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा गरीबों और पीडीए परिवारों को शिक्षा से दूर रखने की साजिश कर रही है और बीस हजार प्राथमिक स्कूल बंद कर चुकी है। समाजवादी सरकार ने जहां आईटी सिटी, एचसीएल जैसी कंपनियों को लाकर नौजवानों को रोजगार दिलाया, अमूल व पराग के दुग्ध संयंत्र लगाकर पांच-पांच लाख लीटर दूध संग्रह की व्यवस्था की, वहीं भाजपा सरकार ने पलासियों मॉल बेच दिया और कई विकास कार्य ठप कर दिए। उन्होंने गिनाया कि समाजवादी सरकार में लखनऊ, वाराणसी, कानपुर और आगरा में मेट्रो की डीपीआर और बजट मंजूर हुआ, वरुणा नदी पर कॉरिडोर बना, मिर्जापुर से सोनभद्र को जोड़ने के लिए फोरलेन सड़कें दी गईं, बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए प्लांट लगाए गए, बुंदेलखंड में तालाब खुदवाए गए, सैनिक स्कूल, मंडियां, मेडिकल कॉलेज, स्टेडियम और लॉयन सफारी बने। जबकि भाजपा सरकार ने इन्हें या तो बंद कर दिया या बजट रोक दिया। लखनऊ कैंसर इंस्टिटडूट, डायल 100, 102 और 108 एम्बुलेंस सेवा भी भाजपा सरकार में बदहाल हो गई। मुख्यमंत्री पर सीधा हमला बोलते हुए अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे में भारी भ्रष्टाचार हुआ है और वह जगह-जगह टूट रहा है, जबकि समाजवादी सरकार का आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे करोड़ों रुपये का टोल ला रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने के नाम पर सिर्फ बड़े आयोजन किए, पर न कोई फैक्ट्री लगी न उद्योग आया। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार 2027 के चुनाव से डरी हुई है और जनता का ध्यान भटकाने के लिए फतेहपुर जैसी घटनाओं से सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के भीतर पीडीए वर्ग के लोग घुटन महसूस कर रहे हैं और 2027 में वे भी समा. जवादी पार्टी के साथ होंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री को ह्प्रवासीह् बताते हुए कहा कि वे उत्तर प्रदेश के मूल निवासी नहीं हैं, मठ में केवल पारिवारिक कारणों से हैं।

## स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। सीमा से आने-जाने वाले हर व्यक्ति पर नजर रखी जा रही है। बस्ती परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानि. रीक्षक (डीआईजी) संजीव त्यागी ने गुरूवार को कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर बस्ती परिक्षेत्र के सि(ार्थनगर जिले में नेपाल की खुली सीमा होने के कारण 24 घंटे सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान पहरा दे रहे हैं। वीरं सीमावर्ती गांवों में पुलिस निगरानी कर रही है।

# वीर सेनानियों के सम्मान में स्थापित होगा शौर्य वन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानो पर वीर सैनिको के सम्मान में शौर्य/सिंदूर वन स्थापित किया जाएगा। इसके पहले योगी सरकार द्वारा अनेक विशिष्ट वनों की स्थापना की गई है।

लखनऊ के कुकरैल में शौर्य वन के तहत वृहद कार्यक्रम होगा, जिसमें सिंदूर वाटिका बनाकर सिंदूर समेत अनेक प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे। पौधरोपण महाभियान-2025 के मिशन निद. शक दीपक कुमार ने बताया कि देश की सुरक्षा में सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सेनानियों के सम्मान में प्रदेश के प्रत्येक प्रभाग में 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) को शौर्य वन की स्थापना की जाएगी। प्रत्येक प्रभाग में उक्त वन की स्थापना के लिए एक स्थल का चयन किया गया है। इसका न्यूनतम क्षेत्रफल एक हेक्टेयर तय किया गया है। इस वन की स्थापना में प्रभागों के अंतर्गत शहीद वीर सेनानियों के गांव को प्राथमिकता दी गई है। पौधरोपण कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीर रणबांकुरों व अमर शहीद सेनानियों के परिजनों की विशेष भागीदारी भी रहेगी। लखनऊ के प्रभागीय वनाधिकारी सितांशु पांडेय ने बताया कि लखनऊ के कुकरैल में शौर्य वन स्थापित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर सुबह 11 बजे से यह आयोजन होगा। इसमें वन विभाग के विभागाध्यक्ष समेत सभी आलाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। यहां लगभग 125 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इसमें सिंदूर वाटिका स्थापित कर मुख्य रूप से सिंदूर का पौधा रोपा जाएगा। साथ ही कदंब, मौलश्री समेत कई प्रजातियों का पौधा भी लगाया जाएगा। पौधरोपण महाभियान-2025 के तहत अब तक एकलव्य, ऑक्सी, शक्ति, त्रिवेणी, अटल वन, सहजन भंडारा, गोपाल वन, एकता वन, पवित्र धारा पौधरोपण, औद्योगिक इकाइयों द्वारा पौधरोपण, भाई-बहन पौधरोपण (रक्षाबंधन वाटिका) की स्थापना हो चुकी है। स्वतंत्रता दिवस पर शौर्य वन स्थापित होगा।

# तिरंगा यात्रा है देशभक्ति का जीवंत प्रमाण : नरेंद्र कश्यप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** आज़ादी का अमृत महोत्सव और 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत लखनऊ की सड़कों पर गुरुवार को देशभक्ति का अद्वितीय नज़ारा देखने को मिला।

उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तत्वावधान में आयोजित दिव्यांग तिरंगा यात्रा में 600 से अधिक दिव्यांगजन शामिल हुए और राजधानी को तिरंगे के रंग में रंग दिया। रैली संकेत राजकीय मूकबधिर विद्यालय, मोहान रोड से शुरू होकर समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण केन्द्र होते हुए पुनघ संकेत विद्यालय तक निकाली गई। इसका शुभारंभ प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने हरी झंडी दिखाकर किया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशभक्ति का जीवंत प्रमाण है।

दिव्यांगजन हमारी प्रेरणा हैं और उनका जोश व आत्मविश्वास देश के हर नागरिक के लिए मार्गदर्शक है। प्रमुख सचिव सुभाष शर्मा ने इसे सामाजिक समरसता और समावेशी विकास का अद्भुत उदाहरण बताया और कहा कि प्रत्येक दिव्यांगजन को राष्ट्र की मुख्यधारा में जोड़ना विभाग का संकल्प है। रैली में विभिन्न विद्यालयों और संस्थानों के दिव्यांगजन ने अपनी प्रतिभा और जोश से देशभक्ति का संदेश दिया। सेंट फांसिस स्कूल फॉर हियलरग इम्पेयर्ड के छात्रों ने बैंड और ढोल-नगाड़ों के साथ रैली का नेतृत्व किया। राजकीय संकेत विद्यालय, स्पर्श दृष्टिबाधित विद्यालय, ममता राजकीय विद्यालय और प्रयास विद्यालय के छात्र तिरंगे के रंग में पूरी तरह रंगे हुए थे। व्हीलचेयर और ट्राइसाइकिल पर चलने वाले प्रतिभागियों ने भी पूरे उत्साह के साथ यात्रा में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन, पुलिस बल और स्वास्थ्य विभाग का विशेष सहयोग रहा।

# तीन लाख के वस्त्र धारण करेंगे कृष्ण मुरारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भी श्री कृष्णा जन्माष्ठमी को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है, वहीं इस्कॉन मंदिर में भगवान श्री कृष्णा के श्रृंगार के लिए आभूषण और कपड़ों में तीन लाख रुपये रुपये खर्च किये गये हैं।

कृष्ण जन्माष्टमी के दिन भगवान के जन्म होने के बाद मंत्रों और शंख ध्वनि के बीच कान्हा का अभिषेक किया जायेगा और बाद में उन्हे वस्त्र और आभूषणों से सुसज्जित किया जायेगा। ये वस्त्र मुम्बई के कारीगरों द्वारा एक साल में तैयार किये गये हैं जिनकी कीमत तीन लाख रुपये से अधिक आई है। विशेष बात ये है की ये पूरी ड्रेस हाथों से बनाई गयी है।

मशीनरी का इस्तमाल नहीं किया गया है।

मंदिर के पुजारी प्रेम दास ने बताया कि ड्रेस बनाने वाले कारीगर भी भगवान्‍ कृष्ण के भक्त है और कई सालो से हर साल भगवान्‍ कृष्ण की ये विशेष ड्रेस को बनाते है। ड्रेस की खूबसूरती लोगो को आकर्षित करती है और भक्तो को विशेष तौर से आकर्षित करेगी।

# लखनऊ में मूसलाधर बारिश से जनजीवन प्रभावित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बुधवार देर शाम से हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। मूसलाधार बारिश के चलते जहां लोगों के घरों में पानी घुस गया तो वहीं देर रात विधानभवन में भी पानी पहुंच गया। बारिश और खराब मौसम को देखते हुये जिला प्रशासन ने 12वीं कक्षा तक के स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है।

मौसम विभाग के मुताबिक रात साढ़े आठ बजे से रात ढाई बजे तक अमौसी हवाई अढे पर 94 8 मिमी वर्षा रिकार्ड की गयी ह। लखनऊ में मूसलाधार बारिश के चलते अलीग. ंज स्थित राधेलाल स्वीट्सके सामने सड़क धंस गयी जबकि इकाना स्टेडियम के पास कार पानी में डूब गई। हजरतगंज में विधानसभा में जलभराव हो गया। सिविल अस्पताल के सामने की सड़क पर घुटने तक पानी भर गया। बीती देर शाम मौसम खराब होते ही कमता चौरोहे पर भारी जाम लग गया। अयोध्या रोड पर दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतारें लगी। इकाना स्टेडियम के पास अंडरपास, गोमत. ीनगर में एलडीए ऑफिस और ताज होटल के पास सड़क पर फिर पानी भरा। अलीगंज में पुरनिया चौराहे के पास, रामराम बैंक चौराहे के पास जलभराव दूर करने के लिए नगर निगम को पंप लगाना पड़ा। मीराबाई मार्ग पर भी कई जगह एक-एक फीट पानी भरा। आशियाना कॉलोनी के सेक्टर एल, जानकीपुरम



विस्तार, फैजुल्लागंज, सीतापुर रोड, खदरा, हुसैनाबाद सहित कई इलाकों में जलभराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश और जलभराव को देखते हुये लखनऊ नगर निगम ने नागरिकों की सुविधा के लिए टोल फी नम्बर जारी किया है जो जलभराव और सड़क धसकने अथवा पेड़ गिरने जैसी समस्या की शिकायत कर सकते है। निगम ने शहरवासियों की सुविधा को लेकर कहा है कि जलभराव की समस्या दिखने पर तुरंत 1533 टोल-फी नंबर पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज कराएं। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अभियंत्रण विभाग, जोनल सेनेटरी अधिकारियों, एसएफआई समेत समस्त सुपरवाइजर्स को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर बारिश से उत्पन्न समस्याओं, विशेषकर जलभराव, का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। नगर निगम की सभी टीमें फील्ड में उतर आईं और प्रभावित क्षेत्रों में पंलपग सेट के जरिए पानी निकासी, नालियों की सफाई और अवरु( जलमार्गों को खोलने का काम शुरू कर दिया।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

**सात मोटरसाइकिल व असलहा बरामद**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के थाना जेवर पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की सात मोटरसाइकिल, देशी तमंचा सहित अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस अब चोरी के वाहन खरीदने वालों की तलाश कर रही है।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि एक सूचना का आधार पर थाना जेवर पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से चेकिंग के दौरान अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो अभियुक्त अभिषेक सिंह पुत्र समय सिंह तथा कृष अग्रवाल पुत्र दीपक अग्रवाल को ग्राम मेहन्दीपुर, गोपालगढ़ रोड़ से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे व निशोदही पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न जगहों से चोरी की 7 मोटरसाइकिल तथा अभियुक्त कृष के कब्जे से एक अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी काफी दिनों से वाहन चोरी की वारदातें कर रहे हैं। इन्होंने दर्जनों वाहन चोरी करनी स्वीकार किया है।

एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे ब्लिंकिट कंपनी में कार्य करते थे, इसी दौरान उन्हें ऐप पर गेम खेलने की लत लग गयी थी जिसमें वे काफी पैसा हार गये थे और उनके ऊपर कर्जा हो गया था। इसलिए दोनों ने मोटरसाइकिल चोरी करने का तरीका अपना लिया। बदमाशों ने बताया कि चोरी की मोटरसाइकिल को 10 से 15 हजार रूपये में दिल्ली, नोएडा व अन्य राज्यों में बेच देते थे। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों का अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह है, जिसके अन्य सदस्यों के बारे में व चोरी के वाहन खरीदने वालों की गहन जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

# पुराना हादसा बताकर क्लेम देने से नहीं कर सकती बीमा कंपनी इन्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बीमित वाहन के हादसाग्रस्त होने पर बीमा कंपनी को क्षतिपूर्ति करनी होगी। पुराना हादसा बताकर क्लेम देने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ऐसे ही एक मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने 5.15 लाख रुपये 6 फीसदी ब्याज समेत 30 दिन के अंदर बीमा कंपनी को अदा करने के आदेश दिए। आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्य अंजु शर्मा ने सुनवाई की।

ग्रेटर नोएडा के बिसरख गांव निवासी अभिषेक बंसल ने कार का बीमा चोला मंडलम एमएम जनरल इंश्योरेंस कंपनी से कराया था। बीमा पॉलिसी 24 जुलाई 2021 से 23 जुलाई 2022 तक वैध थी। 21 नवंबर 2021 को वह वाहन से रादौरा से नोएडा आ रहे थे। इंद्री बस स्टैंड के समीप ट्रक की टक्कर से वाहन हादसाग्रस्त हो गया। वाहन को ठीक करवाने के लिए सर्विस सेंटर भेज दिया। हादसे की सूचना बीमा कंपनी को दी। बीमा कंपनी ने सर्वेयर को जांच के लिए भेजा जिसकी रिपोर्ट के बाद भी बीमा कंपनी ने क्लेम नहीं दिया। इसके खिलाफ उन्होंने जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। आयोग में सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी ने अपना पक्ष रखा कि हादसे में घायल दोनों लोगों की मेडिकल रिपोर्ट नहीं दी गई।

सर्वेयर ने कहा कि हादसे की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। कार में पाई गई क्षतियों में जंग लगा था। क्षतियों दो से तीन माह पुरानी प्रतीत हो रही थी। दोनों पक्षों के तथ्यों पर विचार करने के बाद जिला उपभोक्ता आयोग ने माना अभिषेक ने हादसे में अस्पताल में चोटों के उपचार के संबंध में प्रलेख पेश किए है। बीमा कंपनी का कहना है कि सर्वेयर की जांच में समय कार में क्षतियां में जंग लगा पाया था। दोनों की दलील सुनने के बाद आयोग ने माना कि बीमा कंपनी की ओर से सेवा में कमी की गई है और क्लेम देने से इन्कार नहीं कर सकती है।

# कंपनी प्रबंधन के 38 लाख रुपये का हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-132 स्थित कंपनी के प्रबंधन ने चना खरीदने के एवज में 38 लाख रुपये का भुगतान न करने का आरोप लगाया है। प्रबंधन ने कोर्ट के आदेश पर महाराष्ट्र और गुजरात निवासी आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-126 थाने में केस दर्ज कराया है। सौरभ शर्मा ने न्यायालय में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि वह सेक्टर-132 स्थित अक्षमाला साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि हैं। कंपनी प्रबंधन उर्वरक, कीटनाशक बीज, कृषि उत्पादन से संबंधित खरीद और बिक्री का काम करती है। दो साल पहले कंपनीकर्मी अमित महात्रे लातूर का बस्वाधर गंगाधर स्वामी कंपनी प्रबंधन से चना खरीद को लेकर संपर्क हुआ।

कंपनी के खरीद अधिकारी विपिन प्रह्लाद राव ने उनसे चना लेकर बेचने पर मोटा मुनाफा होने की बात कही। अमित के राजी होने पर विपिन ने चना खरीदने, बेचने और माल ढुलाई वाली कार्तिक ट्रेडर, आशापूर्ण आयल ट्रेडर, दीपक भानुशाली, मीनल भानुशाली, श्री गुरुदेव ट्रेडिंग, विपुल एल लालजी भानुशाली, वर्धमान एंटरप्राइजेज और भद्रा हार्दिक प्रोपराइटर से संपर्क कराया। आरोप है कि जून 2023 में कार्तिक ट्रेडर से चना खरीदकर आशा पूर्णा आयल ट्रेडर को 12 लाख रुपये का माल, कार्तिक से 18 लाख रुपये और आठ लाख रुपये का माल गुरुदेव ट्रेडिंग को भिजवाया गया। इसकी एवज में संबंधित फर्म प्रबंधन को भुगतान भी किया गया, लेकिन कभी नहीं मिला। इसके बाद आरोपियों ने संपर्क करना बंद कर दिया। न ही कोई रसीद, बिल आदि दस्तावेज दिए। जानकारी करने पर पता चला कि आरोपियों पर नागपुर ग्रामीण थाने में हस्ते खां ने भी 3.50 करोड़ रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया हुआ है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की।

# एसटीएफ जवानों ने दिखाया अदम्य साहस

## एसटीएफ के चार जवान और पूर्व थाना प्रभारी सेक्टर-20 को मिला गैलेंट्री अवॉर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा एसटीएफ की दो ऐसी मुठभेड़ जिसमें जवानों ने अदम्य साहस का परिचय दिया और बदमाशों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। इसमें पहली नोएडा के थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में हुई। इसमें एसटीएफ और पुलिस ने मिलकर अजय उर्फ कालिया को ढेर किया था। कालिया पर 2 लाख का इनाम था। वहीं दूसरी मुठभेड़ प्रतापगढ़ में हुई जिसमें एसटीएफ नोएडा ने नौ हत्या में वांछित बदमाश बबलू को मार गिराया।



7 जुलाई 2021 एसटीएफ एक सूचना मिली कि हाईवे पर एक्सल फेंककर नुकीली कीले गाड़कर घटना करने वाला एक्सेल गैंग थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में घटना करने वाला है। जानकारी मिलते ही एसटीएफ ने थाना सेक्टर-20 प्रभारी से संपर्क किया। जाइंट टीम ने एक्सेल गैंग को इंटरसेप्ट करे पुलिस होने का परिचय दिया और रुकने के लिए कहा गया। एक्सेल गैंग ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया और भागने लगा। पुलिस ने जवाबी एक्शन लिया और फायर किया। जिसमें एक बदमाश गोली लगने से वहीं गिर गया।दूसरा बदमाश भाग गया। घायल बदमाश को अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी शिनाख्त अजय उफ कालिया निवासी रेवाड़ी हरियाणा हुई। जनपद अलीगढ़, मथुरा, पलवल से आरोपी वांछित था। इस पर दो रुपए का इनाम रखा गया था। आरोपी डकैती, लूट के अलावा सवारियों से रेप तक करता था।

मुठभेड़ और सूचना संकलन में साहस का परिचय देने वाले एसआई अक्षय त्यागी एसटीएफ नोएडा, हेड कॉन्स्टेबल मुकेश एसटीएफ नोएडा, हेड कॉन्स्टेबल राजन एसटीएफ नोएडा और उस समय थाना सेक्टर-20 प्रभारी इंस्पेक्टर मुनेश चौहान को गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया गया।

**घुमंतू जाति के बदमाश बबलू को घेरा:** 23 अक्टूबर 2019 एसटीएफ नोएडा यूनिट को जानकारी मिली कि घुमंतू जाति के कुछ बदमाश किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने वाले हैं। तत्काल एसटीएफ नोएडा प्रतापगढ़ के रानीगंज पहुंची। प्रतापगढ़ पुलिस को साथ लिया और रात करीब साढ़े आठ बजे पहुंचकर घेराबंदी की। वॉर्निंग देने पर वहां मौजूद बदमाशों ने टीम पर फायर कर दिया।

पुलिस और एसटीएफ ने फायर किया जिसमें एक बदमाश को गोली लगी। बाकी फरार हो गए। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया वहां डॉक्टरों ने उस मृत घोषित कर दिया। इसकी शिनाख्त बबलू उर्फ पतला उर्फ साजिद के रूप में हुई। बबलू नौ हत्याओं में वांछित और 50 हजार का इनामी बदमाश था। इस एनकाउंटर में अदम्य साहस का परिचय देने वाले हेड कॉन्स्टेबल प्रमोद कुमार एसटीएफ नोएडा गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### स्कूटी सवारों ने बैंककर्मी से मोबाइल छीना

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-28 में डीपीएस स्कूल के पास स्कूटी सवार दो बदमाश बैंककर्मी से मोबाइल झपट ले गए। पीड़ित ने सेक्टर-20 थाना पुलिस से शिकायत की है। दीपक अरोड़ा ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार रात करीब पौने 12 बजे खाना खाकर टहलने निकले थे। इसी दौरान किसी परिचित का फोन आया तो वह बात करते हुए चलने लगे। इसी दौरान पीछे से स्कूटी सवार दो बदमाश आए। पीछे बैठे बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल झपटा और दोनों भाग गए। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी में बदमाश वारदात कर भागते दिखाई दिए। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### मूलभूत सुविधाओं को लेकर यूपीसीडा कार्यालय पर प्रदर्शन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र के गांव और आवासीय कॉलोनी निवासियों ने साइट-5 स्थित उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि मूलभूत सुविधाएं नहीं होने से परेशानी हो रही है। उन्होंने समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की। निवासियों ने बताया कि सरकारी कॉलोनी को करीब 50 साल पहले बनाया गया था। तब से अब तक वहां पर शिक्षा, चिकित्सा आदि सुविधाएं नहीं है। बिजली, पानी व सड़क की व्यवस्था भी अच्छी नहीं है। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के जिलाध्यक्ष सुशील प्रधान के नेतृत्व में पहुंचे लोगों ने कहा कि कॉलोनी के मुख्य रास्ते पर गहरे गड्ढ़े हो गए है। इस मौके पर बलराज हूण, डॉ दीपक शर्मा, प्रेमराज भाटी, प्रेम प्रधान, सुशील प्रधान, बसंत भाटी, धीर सिंह भाटी, डॉ मगन बिधूड़ी, मनोज अधाना, विजय प्रधान, मलखान सिंह समेत अन्य निवासी मौजूद रहे।

### ईएसआईसी अस्पताल रविवार को भी खुलेगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-24 स्थित ईएसआईसी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज छुट्टी के दिन रविवार को भी खुला रहेगा। इस दिन ओपीडी, भर्ती समेत अन्य सुविधाएं मरीजों को मिलेंगी। लगातार तीन दिन छुट्टी होने की वजह से अस्पताल प्रबंधन ने यह निर्णय लिया है। शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस, शनिवार को जन्माष्टमी और रविवार को साप्ताहिक अवकाश है। ऐसे में ईएसआईसी अस्पताल ने दो दिन की छुट्टी रखी है। रविवार को अस्पताल खुला रहेगा। हड्डी विभाग के ऑपरेशन शनिवार को नहीं होंगे। अगले दिन इस चिकित्सकीय विभाग के सभी ऑपरेशन होंगे। जिला अस्पताल की ओपीडी 11 बजे तक होगी नोएडा। जिला अस्पताल में शुक्रवार और शनिवार को ओपीडी सुबह 11 बजे तक होगी।

आपातकालीन और भर्ती आदि सुविधाएं भी मिलेंगी। रविवार को अस्पताल में ओपीडी नहीं होगी।

### स्वतंत्रता दिवस पर ग्रेनो में निकलेगी रोलर स्केटिंग तिरंगा रैली

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा की सड़कों पर तिरंगा और स्केट्स का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। ग्रेनो रोलर स्केटिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से 15 अगस्त को रोलर स्केटिंग तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसमें स्केटिंग खिलाड़ी देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आएंगे।

रैली की शुरुआत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय से की जाएगी। इसके बाद स्केटिंग करते हुए प्रतिभागी डेल्टा, गामा, बीटा, परीचौक, अल्फा जैसे प्रमुख सेक्टरों से गुजरेंगे और अंत में शहीद विजय सिंह पथिक मार्ग पर इसका समापन होगा। जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आकाश रावल ने बताया कि इस रैली में आठ से 25 वर्ष की आयु के लगभग 40 से अधिक स्केटिंग खिलाड़ी भाग लेंगे। सभी प्रतिभागी अपने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति की भावना को जीवंत करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक तारीख नहीं है, बल्कि यह वह एहसास है जो हमें हमारे इतिहास, बलिदानों और पहचान से जोड़ता है। इस रैली का उद्देश्य नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और खेलों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता फैलाना है।

# जिला कारागार के 12 अफसर-कर्मचारी होंगे सम्मानित

**नोएडा।** स्वतंत्रता दिवस पर शुक्रवार को जिला कारागार के 12 अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मान मिलेगा। यूपी पुलिस महा. निदेशक कारागार प्रशासन और सुधार सेवाएं प्रेमचंद मीणा कारागार प्रशंसा चिह्न से सम्मानित करेंगे। जेल अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि जिन्हें सम्मान मिलेगा उनमें हीरक श्रेणी में जेल वार्डर विनोद कुमार सिंह, गोल्ड श्रेणी में कारापाल राजेश कुमार मौर्य, उप कारापाल शिशिरकांत कुशवाहा और जेल वार्डर नवीन कुमार का चयन हुआ है। सिल्वर श्रेणी में हेड जेल वार्डर पंकज कुमार मिश्रा, जेल वार्डर संदीप कुमार, उमेश भारद्वाज को सम्मान मिलेगा। प्रशंसा पत्र श्रेणी में अधीक्षक, कारापाल संजय कुमार शाही और हेड जेल वार्डर शिव कुमार शर्मा को सम्मानित किया जाएगा।

# ईकोटेक थ्री, हबीबपुर, कुलेसरा में जलभराव से निजात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कुलेसरा, हबीबपुर और इकोटेक थ्री में बारिश होने पर जलभराव की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो गया है। बारिश के पानी की निकासी के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से पाइपलाइन का कार्य पूरा हो गया। बृहस्पतिवार सुबह तेज बारिश से जलभराव की समस्या न हो, इसे देखते हुए प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस व सुमित यादव ने ईकोटेक 3 का मौके पर जायजा लिया और जल निकासी के लिए डाली गई पाइपलाइन को शुरू करा दिया है।

हालांकि पैरापिट वॉल बनाने का कार्य बाकी है, जो कि बारिश खत्म होने के बाद किया जाएगा। बारिश का पानी ईकोटेक 3 से सीआईएसफ कैंप रोड और लखनावली होते हुए हिंडन नदी में गिराया जा रहा है। इससे इकोटेक थ्री और कुलेसरा में जलभराव की पुरानी समस्या हल हो गई। इससे पहले एसीईओ सुमित यादव ने ग्रेनो वेस्ट के निर्माणाधीन अंडरपास से लेकर गौड़ मॉल होते हुए इटैड़ा गोलचक्कर तक पैदल निरीक्षण किया। हालांकि इस रूट पर जलभराव की स्थिति न दिखने पर संतोष जाहिर किया। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव, वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर भी साथ रहे। इसके बाद एसीईओ सुमित यादव ने परी चौक और एक्सपो मार्ट के आसपास के एरिया का जायजा लिया। जलभराव न होने देने और ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

# इस्कॉन मंदिर के आसपास जन्माष्टमी पर कल वाहनों के लिए रास्ते बदलेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जन्माष्टमी के मौके पर सेक्टर-33ए स्थित इस्कॉन मंदिर में काफी संख्या में लोग आते हैं। इसको देखते हुए शनिवार को मंदिर के आसपास वाहनों के रास्तों में बदलाव रहेगा। इससे पहले शुक्रवार सुबह से सेक्टर-53 गिझौड़ चौराहे से सीधे इस्कॉन मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते को वाहनों के लिए बंद कर दिया जाएगा। सेक्टर-19 सनातन और सेक्टर-2 लाल मंदिर के आसपास जरूरत पड़ने पर शनिवार दोपहर से ही व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा। इसको लेकर यातायात पुलिस ने योजना तैयार कर ली है। सेक्टर-53 गिझौड़ चौराहे से सीधे सेक्टर-31-25 चौराहे की ओर शनिवार को वाहन आ-जा नहीं सकेंगे।



हालांकि, शुक्रवार को ही गिझौड़ चौराहे से कुछ आगे सेक्टर-33 कट से एनटीपीसी अंडरपास के पास रास्ता बंद कर दिया जाएगा। डीसीपी यातायात लखन यादव ने बताया कि मंदिरों में जाने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, इसके लिए यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर दी है। सेक्टर-18 से सीधे 60 की ओर आने -जाने के लिए एलिवेटेड रोड चलता रहेगा। सिर्फ इस्कॉन मंदिर के सामने उतरने वाला और एनटीपीसी के सामने चढ़ने वाला लूप ट्रैफिक के लिए बंद रहेगा। डीसीपी ने बताया कि यातायात संबंधित जानकारी के लिए लोग हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर भी संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वाहनों के रास्तों में बदलाव की यह व्यवस्था शनिवार देर रात तक लागू रहेगी। रविवार सुबह से ही वाहन पुराने रूट पर चल सकेंगे।

**ऐसे आ-जा सकेंगे:** सेक्टर-24 एनटीपीसी अण्डरपास के ऊपर से सेक्टर-53 गिझौड़ चौराहे की ओर तथा गिझौड़ चौराहे से एनटीपीसी अंडरपास के ऊपर तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। जिन वाहनों को गिझौड़ चौराहे से सेक्टर-27 अट्टा अंडरपास की ओर आना है, वे वाहन गिझौड़ चौराहे से बायें मुड़कर सेक्टर-51 होशियारपुर तिराहे से दाहिने मुडकर सेक्टर-32 सिटी सेन्टर मेट्रो स्टेशन के सामने से होते हुए गंतव्य को जा सकते हैं। इसके अलावा सेक्टर-53 गिझौड चौराहे से दाहिने मुडकर सेक्टर-54 पुलिस चौकी तिराहे से सेक्टर-22 समरविले स्कूल के सामने से होकर अपने गन्तव्य स्थान को जा सकते है -जिन वाहनों को सेक्टर- 31-25 चौराहे से गिझौड चौराहा होते हुए सेक्टर-60, 62, इन्दिरापुरम गाजियाबाद की ओर जाना है, वे वाहन सेक्टर 31-25 चौराहे से सेक्टर-25ए स्पाईस मॉल चौराहा से एडोब चौक, सेक्टर-22, 23, 54 तिराहा से गिझौड़ चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य स्थान को जा सकेंगे। जिन वाहन चालकों को कार्यक्रम स्थल की ओर (इस्कॉन मंदिर) जाना है, वे लोग सेक्टर-25ए एडोब बिल्डिंग के बराबर में बनी पार्किंग में अपने वाहन पार्क कर पैदल मंदिर में प्रवेश करेंगे - वीवीआईपी पार्किंग में जाने वाले वाहन चालक सेक्टर 33/34 तिराहे से प्रवेश कर सेक्टर-33ए शिल्प हॉट पार्किंग में अपने वाहन खडा कर पैदल जा सकेंगे।

**सेक्टर-19 सनातन और सेक्टर-2 मंदिर के आसपास यातायात व्यवस्था में बदलाव:** सेक्टर 19-27 डीएम आवास चौराहे से रायरेजीडेन्सी के मध्य एवं डीएम चौराहे से सेक्टर-19 टेलीफोन एक्सचेन्ज की ओर वाहनों का आवागमन जरूरत पड़ने पर प्रतिबंधित किया जाएगा। इसी तरह सेक्टर-2 मंदिर के आसपास भी जरूरत पडने पर वाहनों के रास्तों में बदलाव होगा। सेक्टर-1 संदीप पेपर मिल चौराहे से सेक्टर-1 गोलचक्कर के बीच वाहनों का आवागमन जरूरत पड़ने ही बंद किया जाएगा।

# नोएडा प्राधिकरण कराएगा स्ट्रीट डॉग्स का सर्वे

## शेल्टर होम्स बनाकर नियुक्त होंगे पशु चिकित्सक, अब तक 50 हजार स्ट्रीट डॉग्स की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट ने स्ट्रीट डॉग्स को शेल्टर भेजने का आदेश दिया है। इस आदेश के तहत नोएडा में डॉग्स का सर्वे किया जाएगा। अब तक किए गए सर्वे में करीब 50 हजार डॉग्स की जानकारी सामने आई है। बाकी सर्वे का काम एनजीओ से कराया जाएगा।

सीईओ लोकेश एम ने बताया कि नोएडा में चार डॉग शेल्टर सेक्टर-34, 50, फेज-2 और सेक्टर-93 में है। सेक्टर-34 और 93 के शेल्टरों में डॉग को रखा गया है। सेक्टर-94 में एनिमिल शेल्टर है। यहां बीमार पशुओं का इलाज किया जाता है।

नए डॉग शेल्टर बनाए जाने के कहा गया है। ये शेल्टर काफी बड़े होंगे। इसके लिए जमीन चिह्नित करने के कहा गया है। शेल्टर शहर के आउटर एरिया में बनाए जाएंगे। शेल्टर में आने वाले डॉग्स या बीमार डॉग्स के इलाज के लिए पशु चिकित्सकों को भी रखा जाएगा। डॉग्स की फीडिंग और अन्य कार्यों के लिए एनजीओ से संपर्क किया जा रहा है। प्राधिकरण की एक पूरी टीम इस काम में लगाई गई है। सर्वे पूरा होने के बाद आगे की रणनीति पर काम किया जाएगा।

**सात महीने में 73 हजार को स्ट्रीट डॉग्स ने काटा:** जिला प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार गौतमबुद्ध नगर में पिछले सात महीने में 73 हजार 754 लोगों को डॉग ने कटा है। ये सभी बाइट स्ट्रीट डॉग ने की। इसमें जनवरी 2025 में 9383, फरवरी में 10175, मार्च में 11599, अप्रैल में 10925 और जून में 10646 और जुलाई में 10394 में लोगों को काटा है।

**पालतू डॉग्स ने 24 हजार को काटा:** सात महीने में 24 हजार 856 लोगों को पालतू डॉग ने काटा है। इसमें जनवरी में 3124, फरवरी में 4662 मार्च में 2463 , अप्रैल में 3267 मई में 2958, जून में 2815 और जुलाई में 5567 लोगों को पालतू डॉग्स ने काटा है। इन डॉग्स को रखने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने डाग्स पालिसी बनाई है। इसके तहत पालतू डॉग्स का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। साथ ही बाइट करने पर भारी भरकम जुर्माना और मुकदमा भी नोएडा में दर्ज किए गए है। रिकार्ड में अब तक 8169 डॉग्स का रजिस्ट्रेशन किया गया है।

# मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी ने किया विधिवत् शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम की श्रृंखला में आज दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल नॉलेज पार्क-5 ग्रेटर नोएडा में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन हुआ, जिसका मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी द्वारा कार्यक्रम का फीता काटकर विधिवत्त शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विभाजन विभीषिका की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें विभाजन को दर्शाने वाली किताबें और क्लिपिंग व शॉर्ट डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। साथ ही दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में प्रदर्शनी एवं स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने स्कूल प्रिंसिपल जो स्वयं विभाजन की त्रासदी झेल चुके परिवार की सदस्य हैं, को पौधा देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों से आह्वान किया कि बच्चों विभाजन विभीषिका की पुस्तक पड़े तब आपको ज्ञात होगा कि विभाजन से कितना दर्द होता है कितनी तकलीफों से गुजरना पड़ता है विभाजन का दर्द आज भी हमारे हृदय में उठ पड़ता है। उन्होंने कहा कि हम सबको आपसी सौहार्द के साथ अपने देश के निर्माण के लिए आगे बढ़ाना है और देश की तरक्की के साथ-साथ इसकी रक्षा के लिए सतत समर्पित रहना है।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला दिव्यांगजन अधिकारी आशीष कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कुमुद चौधरी, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी गण, शिक्षक एवं स्कूली बच्चों तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर 20 लाख रुपये ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासी कंपनीकर्मी से शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 20 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने उन्हें 15 से 30 प्रतिशत तक लाभ कमाने का झांसा देकर फंसाया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के महागुन मायवुड सोसाइटी निवासी अशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। वह शेयर बाजार में निवेश करने में भी रुचि रखते हैं। उनके पास अक्तूबर 2024 में व्हाट्सऐप पर शेयर बाजार संबंधी मैसेज आया। उसके बाद किसी कथित प्रोफेसर निथिकामथ की कॉल आई।

उससे बात होने लगी। उसने खुद को शेयर बाजार का अनुभवी बताया। ठग ने खुद के बताए शेयर में निवेश करने पर जोर दिया। इस तरह से कम समय में ही 15-30 प्रतिशत का लाभ होने का दावा किया। ठग ने अपनी सहायक गीतिका आनंद के माध्यम से अपनी वेबसाइट पर पंजीकरण कराया। अशोक ने कम रकम के साथ निवेश करना शुरू किया। आरोपियों ने विश्वास दिलाने के लिए रकम भी वापस खाते में भेज दी। विश्वास होने पर अशोक ने छह अक्तूबर से 28 अक्टूबर 2024 तक कई बार में 20 लाख रुपये निवेश कर दिए। पीड़ित ने रकम निकालनी चाही तो ठगों ने विभिन्न तरह के शुल्क के नाम पर और रकम जमा कराने के लिए दबाव बनाया। तब जाकर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ।

# डीएम ने स्पोर्ट्स स्टेडियम का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम ने आज मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम, ग्रेटर नोएडा का स्थलीय निरीक्षण करते हुए स्टेडियम की सुविधाओं, रखरखाव और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण माहौल का बारीकी से अवलोकन किया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खेल विभाग के वरिष्ठ प्रशिक्षक को निर्देश दिए कि स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त खेल उपकरण, मूलभूत सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण हर समय उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रोत्साहन समिति के माध्यम से उपकरणों की खरीद, ट्रैक और मैदान की मरम्मत, जिम व कोर्ट की देखभाल तथा खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि स्टेडियम में स्वच्छ पेयजल, साफ-सुथरे शौचालय, उचित बैठने की व्यवस्था और खेल सामग्री का नियमित रखरखाव अनिवार्य रूप से किया जाए।

वरिष्ठ प्रशिक्षक परवेज अली ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि स्टेडियम में सफाई कर्मियों की कमी है, जिस पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए मौके पर ही जिला पंचायत राज अधिकारी को सफाई कर्मी हेतु व परिसर में फैली झाड़ियों और पेड़-पौधों की छंटाई, वृक्षों का रख-रखाव और हरित सौंदर्यीकरण हेतु प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

## सांडों की लड़ाई में ई रिक्शा में बैठे युवक की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**शीशगढ़।** शीशगढ़ धनेटा मार्ग पर गिरधरपुर के निकट दो सांडों की लड़ाई में ई रिक्शा पलटने से उसमें बैठे युवक की दर्दनाक मौत हो गई

शीशगढ़ के मोहल्ला नई बस्ती अंसारनगर निवासी मो अयूब उर्फ गुड्डू 40 वर्ष आज रात्रि करीब 8बजे शीशगढ़ से ई रिक्शा में बैठकर ग्राम जाफरपुर अपनी ससुराल जा रहा था ग्राम गिरधरपुर लोटस स्कूल के निकट सड़क पर दो सांड आपस में जंग लड़ रहे थे। लड़ते लड़ते सांड ने सामने ई ईशा देखते ही उसको पलट दिया। ई रिक्शा में बैठे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर घर में कोहराम मच गया। चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी गुड्डू भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिवार के लोगों को सांत्वना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ई रिक्शा में मृतक अकेला ही बैठा था।

# ई–ऑफिस संचालन में ढिलाई बरतने वाले 23 अफसरों पर कसा शिकंजा

**■ कमिश्नर ने अगस्त माह का वेतन रोके जाने के दिए निर्देश**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शासन के निर्देशों के क्रम में बीते 30 अप्रैल के उपरान्त प्रत्येक दशा में मण्डल के समस्त शासकीय कार्यों में पत्रावलियों के व्यवहारण एवं पत्राचार ई–आफिस के माध्यम से कराये जाने हेतु कमिश्नर सौम्या अग्रवाल द्वारा समस्त मण्डलीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। परन्तु समीक्षा में पाया गया कि अभी भी 23 अधिकारी ऐसे शेष हैं कि जिनके द्वारा तीन माह की



अवधि से ई–आफिस पर लॉगिन नहीं किया गया, तथा पत्रावलियों का व्यवहार ई–आफिस के माध्यम से नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में इन अधिकारियों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु 12 अगस्त तक उक्त अधिकारियों द्वारा स्पष्टीकरण भी उपलब्ध नहीं कराया गया है।

कमिश्नर द्वारा प्रकरण की गम्भीरता के दृष्टिगत नाराजगी जताते हुए शासन के निर्देशों के क्रम में मण्डल के 23 अधिकारियों के विरूद्ध अगस्त माह का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित किये जाने के निर्देश दिये गये, तथा पत्रावलियों का व्यवहारण एवं पत्राचार ई–ऑफिस के माध्यम से कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

### वेतन रोके जाने अधिकारियों के पदनाम

उप निदेशक, सिचाई एवं जल संसाधान (शारदा कमाण्ड), उप निदेशक (माध्यकि शिक्षा), क्षेत्रीय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, संयुक्त आयुक्त (उद्योग), सीनियर हाईड्रोलॉजिस्ट, भू–गर्भ जल विभाग, मण्डलीय मनोविज्ञान केन्द्र, अधीक्षण अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), बरेली वृत्त, सहायक निदेशक, सेवायोजन, मण्डलीय कमाण्डेन्ट (होमगार्ड), अधीक्षण अभियन्ता, भू–गर्भ जल विभाग, अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई, क्षेत्रीय खाद्य नियन्त्रक, उप निदेशक (विद्युत/यांत्रिक), मण्डी परिषद, अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई बाढ़ कार्य, अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई पंचम मण्डल, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, उप निदेशक (पर्यटन), संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त रजिस्ट्रार सहकारिता, मण्डलीय लेखा परीक्षण यूनिट, संयुक्त निदेशक, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान, उप निदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद हैं।

## एक नजर

## पुलिस ने बस से मदरसा संचालक को उतारा, चार दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

शाह टाइम्स संवाददाता



**नवाबगंज।** अपनी ससुराल पलिया सिंघाई से प्राइवेट बस से आ रहे एक मदरसा संचालक को पुलिस ने रिछोला चौकी पर उतार लिया, पिछले चार दिनों से दर दर भटक रहे उसके भाई ने गुरुवार को एसएसपी को पत्र देकर लापता भाई की बरामदगी की मांग की है।

शहर रामपुर के रहने वाले शन्नू मलिक पुत्र अब्दुल्ला द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक उनका चचेरा भाई अब्दुल मजीद जो तहसील फरीदपुर के थाना भुता क्षेत्र के गांव फैजनगर में पिछले एक दशक से अधिक समय से मदरसा चला रहा है। गुजरी नौ अगस्त को शाम करीब चार बजे मदरसा संचालक अब्दुल मजीद अपनी ससुराल सिंघाई से प्राइवेट बस से बैठकर दिल्ली जा रहा था कि रात करीब डेढ़ बजे थाना नवाबगंज की रिछोला किफायतुल्ला स्थित पुलिस चौकी पर पुलिस ने बस को रुकवाकर उसे उतार लिया था। जब मदरसा संचालक दिल्ली नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश शुरू की गई तो यह जानक. ारी बस चालक ने उसके भाई शन्नू मलिक को दी। तभी से शन्नू मलिक अपने मदरसा संचालक भाई को इधर उधर तलाश रहा है, लेकिन उसे इसकी कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। गुरुवार को बरेली कोतवाली पुलिस से पता करके नवाबगंज पहुंचे शन्नू मलिक ने पुलिस से अपने भाई के बारे में जानकारी की लेकिन उन्होंने भी कोई जानकारी होने से इनकार कर दिया। थक हार कर मदरसा संचालक के भाई ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी शिकायत करते हुए भाई की बरामदगी की गुहार लगाई है। उसने एसएसपी को भी पत्र देकर भाई की बरामदगी की मांग की है।

**दर–दर भटक रहे भाई ने एसएसपी से लगाई गुहार**

# माधवराव सिंधिया स्कूल में बही देशभक्ति की बयार




शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में संगम कला ग्रुप बरेली चौप्टर द्वारा माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, बरेली के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय प्रांगण में भव्य देशभक्ति गीतों पर आधारित गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां शारदे की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ।

निर्णायक मंडल में संगीत व साहित्य जगत की तीन प्रतिष्ठित प्राचार्य अवनीश यादव, प्राचार्य राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, डॉ. हितु मिश्रा तथा प्रख्यात शास्त्रीय गायिका डॉ. निधि मिश्रा शामिल रहीं।

भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के बादशाह कहे जाने वाले गुलशन कुमार की फिल्म सिटी स्थित ज ेमतपमे म्यूजिक अकादमी से गायकी के गुर सीख रहीं सिंगर श्रेया प्रभजोत और जी टीवी सारेगामा फेम स्वरित तिवारी ने भी देशभक्ति गीत से समां बांधा।

प्रतियोगिता में लगभग 50 प्रतिभागियों ने तीन वर्गों सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में भाग लिया। सभी ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लाइव ऑर्केस्ट्रा ने गायकों का भरपूर साथ दिया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल और डॉ. प्रियंका सरकार ने ऑर्केस्ट्रा सदस्यों, निर्णायक मंडल और सभी प्रतिभागियों को स्मृतिचिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे।

**सब जूनियर ग्रुपः** प्रथम,ध्रुव, द्वितीय अद्वितीय पांडे, तृतीय पर्णिका बिष्ट, **जूनियर ग्रुपः** प्रथम अतिशय मनोहर, द्वितीय स्वरित तिवारी, तृतीय ध्रुविका शुक्ला, **सीनियर ग्रुपः** प्रथम फैजी, द्वितीय मोनिश, तृतीय प्रियंका।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष संगम कला समूह बरेली चौप्टर एवं प्रबंधक माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल उपस्थित रहे। साथ ही राष्ट्रीय सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद् रूहेलखण्ड पूर्वी प्रांत के प्रांतीय महासचिव राहुल यदुवंशी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रियल एस्टेट कारोबारी प्रशांत पांडेय उपाध्यक्ष, स्वयं वर्मा कार्यक्रम एवं मीडिया संयोजक तथा विद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रियंका सरकार अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला समन्वयक दिनेश पांडेय, गायक व रिषव टायर एजेंसी मीरगंज के राजेश गंगवार आदि मौजूद रहे।

# किसान न हों परेशान, बरेली में नहीं है उर्वरकों की कमी

**■ खाद की कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई, छह दुकानों के लाइसेंस रद्द, तेरह निलंबित**



शाह टाइम्स ( मो. इरफान मुनीम )

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश और सख्त मॉनिटरिंग के कारण बरेली जिले के किसानों को इस खरीफ सीजन में खाद का कोई संकट नहीं है। धान, गन्ना और अन्य फसलों के लिए आवश्यक यूरिया, डीएपी, एनपीके, पोटाश और सुपर फास्फेट का भरपूर भंडार उपलब्ध है। सभी ब्लॉकों में किसानों को उर्वरकों का वितरण तेजी व पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने बताया कि अब तक जिले में लक्ष्य के सापेक्ष 75 प्रतिशत उर्वरक किसानों तक पहुंच चुका है, और सभी ब्लॉकों में स्टॉक पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उनके लाइसेंस निलंबित और निरस्त किये जा रहे हैं। नकली उर्वरकों की सूचना पर सैंपल लेकर उनकी जांच कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने उर्वरक की कालाबाजारी और अवैध भंडारण पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व में बरेली में छह खाद की दुकानों के लाइसेंस रद्द किए गए हैं, जबकि 13 दुकानों के लाइसेंस निलंबित हैं। शेरगढ़ ब्लॉक के मानपुर क्षेत्र में उर्वरक की कालाबाजारी पकड़े जाने पर एक व्यापारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं, और शिकायत मिलते ही तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

### सहकारी समितियों में लक्ष्य से डेढ़ गुना स्टॉक

बरेली के एआर कोऑपरेटिव बृजेश सिंह परिहार ने बताया कि जिले में 142 बहुउद्देशीय सहकारी समितियां, 3 सहकारी संघ, 3 क्रय–विक्रय समितियां, 6 डीएस केंद्र, 1 केंद्रीय उपभोक्ता भंडार और 1 यूपीएसएस केंद्र के माध्यम से किसानों तक खाद पहुंच रही है। इन समितियों में अगस्त माह के लक्ष्य से डेढ़ गुना ज्यादा भंडारण मौजूद है। वर्तमान में सहकारी समितियों पर 13,797 मीट्रिक टन यूरिया, डीएपी और एनपीके उपलब्ध है।

### जिले में खाद का वितरण और मौजूदा भंडार

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि अब तक किसानों को 16,34,933 बोरा यूरिया, 2,01,500 बोरा डीएपी, 1,54,340 बोरा एनपीके, 30,560 बोरा पोटाश और 10,140 बोरा सुपर फास्फेट वितरित किया जा चुका है। वहीं, मौजूदा स्टॉक में 2,40,577 बोरा यूरिया, 1,29,660 बोरा डीएपी, 1,33,240 बोरा एनपीके, 18,120 बोरा पोटाश और 80,920 बोरा सुपर फास्फेट मौजूद है। जिले में यूरिया वितरण का लक्ष्य 2156000 बोरा था। इसके सापेक्ष करीब 75 प्रतिशत 16,34,933 बोरा यूरिया का वितरण हो चुका है। वर्तमान में पर्याप्त भंडार है।

## एसटीएफ के शेर पोसवाल को वीरता सम्मान, एक लाख के इनामी को किया था ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बरेली।** यूपी एसटीएफ के जांबाज जवानों की बहादुरी एक बार फिर सुर्खियों में है। बरेली यूनिट के मुंशी आरक्षी नायक गिरजेश पोसवाल को पुलिस महानिदेशक 15 अगस्त 2025 को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से नवाजेंगे।

पोसवाल वही शेरदिल सिपाही हैं, जिन्होंने 17 जुलाई 2024 की रात शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र में एक लाख रुपये के इनामी, कुख्यात अपराधी शाहनूर उर्फ शानू को मुठभेड़ में ढेर करने में अहम भूमिका निभाई थी। हत्या, लूट और डकैती जैसे कई संगीन मामलों में वांछित यह बदमाश लंबे समय से पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। पुलिस मुख्यालय से जारी सूची में मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक की ओर से वीरता पदक, उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह और प्रशंसा चिन्ह पाने वालों के नाम घोषित किए गए हैं। वीरता पदक एसटीएफ मुख्यालय के पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार सिंह और धर्मेश कुमार शाही समेत कई अफसरों को मिलेगा। वहीं उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह एसटीएफ मुख्यालय के राज. ेश (मु0आ0 पीएसी) को प्रदान किया जाएगा। सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह बरेली यूनिट के गिरजेश पोसवाल, मुख्यालय के तेज बहादुर सिंह व विनोद कुमार सिंह, और आगरा यूनिट के दिनेश कुमार समेत कई जांबाजों को मिलेगा। स्वर्ण, हीरक और रजत प्रशंसा चिन्ह वाराणसी, नोएडा, मेरठ और मुख्यालय के कई अफसरों व जवानों को शौर्य के आधार पर दिए जाएंगे। इस सम्मान के साथ गिरजेश पोसवाल का नाम अब उन वीरों की सूची में दर्ज हो गया है, जिन्होंने वर्दी की शान और कानून की जीत के लिए अपनी जान की परवाह नहीं की।

**शाहजहांपुर में कुख्यात अपराधी शाहनूर को मुठभेड़ में भेजा था मौत के घाट 15 अगस्त को मिलेगा सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह**

# मुहम्मद सदफ ने एफएमजीई परीक्षा पास करके लहराया परचम

**■ एमबीबीएस डाक्टर बनकर शीशगढ़ का नाम किया रोशन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** एमबीबीएस डाक्टर की फहरिस्त में शीशगढ़ कस्बे में एक और युवा का नाम जुड़ गया। मुहम्मद सदफ ने फोरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जाम एफएमजीई की परीक्षा पास करके एमबीबीएस डाक्टर बनने का गौरव हासिल किया है। इस बड़ी उपलब्धि से सदफ के परिवार में बेहद खुशी का माहौल है। इस परीक्षा में मोहमद सदफ ने 165अंक हासिल किए हैं।

बताते चलें कि शीशगढ़ कस्बे के मोहल्ला बड़ी बखरी के मूल निवासी स्व. हाजी अब्दुल रशीद के



पोते डाक्टर मुहम्मद सदफ ने रूस के क्रिकिस्तान के एशियन मेडिकल इंस्टीट्यूट से एमबीबीएस का मेडिकल कॉर्स सफलतापूर्वक पूरा किया था। कोर्स पूरा करने के बाद भारत में एफएमजीई की परीक्षा पास करने के बाद ही एमबीबीएस की डिग्री मिलती है। मोहम्मद सदफ ने भारत में एफएमजी की परीक्षा पास करके अपने शीशगढ़ कस्बे व परिवार के साथ उत्तराखंड के सितारगंज का नाम भी रोशन कर दिया। मुहम्मद सदफ के पिता लईक अहमद मूल रूप से शीशगढ़ कस्बे के मोहल्ला बड़ी बखरी के निवासी हैं। व्यापार के सिलसिले में वह उत्तराखंड के सितारगंज के वार्ड नंबर 5 में भी रहते हैं। अपने बेटे की सफलता पर आज वह बेहद खुश हैं।

### पीजी करके स्पेशलिस्ट डाक्टर बनने का है सपना

मुहम्मद सदफ के हौसले बुलंद हैं। वह अभी से ही पीजी की तैयारी में जुट गए हैं। उनका सपना स्पेशलिस्ट डाक्टर बनने का है और वह इस सपने को साकार करके ही दम लेंगे। मुहम्मद सदफ अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता लईक अहमद, माता अक्सीर जहां एवं भाई जमशेद को देते हैं। उन्होंने मुहम्मद सदफ का हौसला बढ़ाया।

साथ ही कहते हैं कि परिवार की दुआएं उनके साथ थीं। विशेषकर उनकी बुजुर्ग दादी खातून की। दादी खातून तो अपने पोते की कामयाबी देखकर बेहद खुश हैं, क्योंकि उनका सपना साकार हो गया , क्योंकि अब उनका पोता डाक्टर बनकर गरीबों की सेवा करेगा।

# पहले युवक को पीटा, फिर फायरिंग कर फैलाई दहशत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** सुभाषनगर थाना क्षेत्र की राजीव कालोनी निवासी अभिषेक कुमार भारती ने बताया कि बुधवार की देर शाम करीब 7 बजे बैरुजा फैक्ट्री कलोनी निवासी शुभ चौहान ने उसे फोन किया। फोन उठाते ही कहने लगा कि वह उसकी बहन से फोन पर बात करता है। जिस पर उसने फोन काट दिया। आरोप है कि उसके बाद वह करगैना बाजार से अपने घर की तरफ आ रहा था। रास्ते में मसल स्टोन जिम के टीक सामने शुभ चौहान अपने 15–20 साथियों के साथ मौजूद था। शुभ ने उसे रास्ते में रोक लिया और साइड में ले जाकर जाति सूचक गालियां देते हुए कहा कि उसकी बहन बेटियों से बात करता है।

वह कुछ समझ पाता कि शुभ चौहान अपने साथी छोटू ठाकुर, उदित ठाकुर और आदित्य ठाकुर के साथ मिलकर लात घूसों से मारना पीटना शुरू कर दिया। वह वहां से भागने लगा। जिस पर छोटू ठाकुर ने उस पर पीछे से फायर किया। वह पास के जिम में ऊपर जाकर अपनी जान बचाई। आरोप है कि उसके बाद सभी ने हवाई फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी दे कर मौके से फरार हो गए। सुभाषनगर थाना प्रभारी जितेद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## उर्स में हाजिरी के लिए बाहर से आने वाले मेहमानों को पहले दें मौका: सज्जादानशीन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उर्स–ए–रजवी की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। तैयारियों के संबद्ध में आज दरगाह परिसर में आखिरी बड़ी बैठक हुई। दरगाह सरपरस्त हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की सदारत व सय्यद आसिफ मियां की निगरानी में कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें उलेमा, सभी रजाकार, लंगर कमेटियों, अंजुमन के सदस्यों के अलावा बरेली जिले समेत आपपास के जिलों से टीटीएस वालंटियर्स शामिल हुए। बैठक में सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां ने शहर व आसपास के लोगों से अपील करते हुए कहा कि उर्स में दुनिया भर से अकीदतम. ंद शिरकत करने साल में एक बार ही आ पाते हैं। सभी की तमन्ना रहती है कि वो अपने मोहसिन की बारगाह में हाजिर होकर फातिहा, दुआ और फूल पेश कर लें। अत्यधिक भीड़ के चलते बहुत से अकीदतमंद हाजिरी नहीं दे पाते। ऐसे में मेरी सभी शहर व आसपास के बाशिंदों से अपील है कि वो कुल शरीफ व अन्य कार्यक्रमों में तो शिरकत कर लें, लेकिन दरगाह पर हाजिरी उर्स शुरू होने से पहले या फिर उर्स के समापन के बाद दे लें। उर्स के इन तीनों दिन देश विदेश से आने वाले अकीदतमंदों को पहले मौका दे दें।

दरगाह के जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि बैठक का आगाज मुफ्ती जईम रजा ने तिलावत–ए–कुरान से किया। हाजी गुलाम सुब्हानी और आसिम नूरी ने हम्द ओ नात का नजराना पेश किया। इसके बाद बैठक में शामिल सभी लोगों से सुझाव मांगे गए ताकि पिछले सालों में जायरीन की सहूलियत के लिए कुछ कमी रह गई हो उसे वक्त रहते पूरा करा लिया जाए। मुफ्ती अय्यूब खान नूरी व मुफ्ती कलीम उर रहमान कघदरी ने कहा कि आला हजरत के मेहमान हमारे मेहमान हैं, उनसे बड़े ही मुहब्बत के साथ पेश आना है। बैठक का संचालन कर रहे हाजी जावेद खान व औरंगजेब नूरी ने सभी को आश्वस्त किया कि दरगाह स्तर से जो भी लंगर कमेटी और वालंटियर्स को दिक्कत आती है उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। मौलाना बशीर उल कादरी, शाहिद नूरी, परवेज नूरी, अजमल नूरी, ताहिर अल्वी, इशरत नूरी, नफीस खान, मंजर खान आदि ने भी राय रखी। इस मौके पर नईम नूरी, मुजाहिद रजा, साजिद नूरी, अब्दुल माजिद, सय्यद फैजान अली, आलेनबी आदि मौजूद रहे।

# जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों द्वारा वृहद तिरंगा रैली का किया गया आयोजन

**■ हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत डीएम ने विकास भवन परिसर से तिरंगा रैली किया शुभारम्भ**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के क्रम में जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों द्वारा आयोजित वृहद तिरंगा रैली का डीएम अविनाश सिंह ने गुरुवार को विकास भवन परिसर से शुभारम्भ किया।

यह रैली विकास भवन परिसर से श्यामगंज ओवर ब्रिज होते हुए आदिनाथ चौराहा, डेलापीर, आईवीआरआई, इज्जतनगर रेलवे स्टेशन, कुदेशिया फाटक ओवर ब्रिज, कोहाड़ापीर से कुतुबखाना ओवर ब्रिज होते हुए चौकी चौराहा दमोदर स्वरूप पार्क पर सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर डीएम ने सभी अधिकारियों, अध्यापकों, व्यवसायिक संगठनों, स्वंयसेवी संगठनों व जनपद के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज व राष्ट्र के प्रति सम्मान तथा लोगों में देश भक्ति की भावना जागृत करने तथा तिरंगे के महत्व को युवा पीढ़ी व जन–जन तक पहुंचाना उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ऐतिहासिक भवनों, सभी सरकारी भवनों, प्रमुख पार्कों, चौराहों को तिरंगा लाइट से सजावट किया जाए। अमृत सरोवरों पर भी ध्वजारोहण किया जाए।

तिरंगा यात्रा आयोजन के दौरान जनपद वासियों से अपील की गयी कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तीसरे चरण दिनांक 13 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक सभी



सम्मानित जनपदवासी अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर पूरे सम्मान एवं आदर भाव के साथ भारतीय तिरंगा झंडा फहराएं और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। शासन की मंशा के अनुसार ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक सम्बन्ध बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, तथा देश प्रेम एवं देश भक्ति की भावना के विकास के साथ–साथ देश को आजादी दिलाने वाले अमर बलिदानियों, क्रांतिकारियों एवं शहीदों को याद करना तथा श्रद्धा सुमन अर्पित करना है। डीएम ने कहा कि तिरंगे के साथ सेल्फी, प्रभात फेरी, तिरंगा रैलियों, तिरंगा प्रदर्शनियों और अन्य जमीनी स्तर की जनभागीदारी जैसी गतिविधियों के साथ दिनांक 15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस समारोह को हर्षोल्लास एवं देश भक्ति की भावना के साथ पूरे जनपद में भव्य रूप से मनाया जाएगा।

# वृहद गौशाला में मरे कई पशु वीडियो वायरल होने पर मचा हड़कंप

**■ एसडीएम सहित कई अधिकारी मौके पर दौड़े**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** विकास क्षेत्र भदपुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मधु नगला में स्थित वृहद गौशाला में गुरुवार को गौवंशों के शवों का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वीडियो वायरल होने पर एसडीएम उदित पवार, खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश प्रजापति के साथ ही क्योलड़िया पशु चिकित्सा अधिकारी मधु नगला की गौशाला पहुंच गए, और उन्होंने मृतक गायों को गड्ढे खुदवाकर दफन कराया। सबसे खास बात यह है कि कल बुधवार को एसडीएम ने गौशाला पहुंचकर जांच पड़ताल की थी, तब वहां पर गंदगी देखकर उन्होंने संच. ालक की फटकार लगाई थी, और आज दर्जनों गायों की मौत के बाद उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए गौशाला का नियमित संचालन सही तरीके से करने के निर्देश दिए। एसडीएम को गौशाला में भारी कीचड़ होने के कारण



ज्यादातर मृतक गौवंश के शव बाहर पड़े मिले। गुरुवार को मृतक गौवंशों के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर जिले में हड़कंप मच गया। गौवंशों की दुर्दशा वहां उनके नियमित देखभाल न होने के कारण हुई है। बताया जाता है कि गौशाला में कभी भी पशु चिकित्सा अधिकारी पशुओं को देखने नहीं जाते हैं, जिसके चलते बीमार पशुओं का समय से इलाज नहीं हो पाता है।

इस गौशाला में पशुओं को रखने की क्षमता 350 है, जबकि इसमें मौजूदा समय में 418 पशु रखे गए हैं। इतनी बड़ी संख्या में पशुओं के मरने से समूचे जिला और तहसील प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस वृहद गौशाला में कितने पशुओं मरे हैं, इसकी जानकारी कोई भी अधिकारी देने को तैयार नहीं है।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# धूमधाम से मनाया गया मोहम्मद आजम खां का जन्मदिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को सपा के वरिष्ठ नेता आसिम खघन ने अपने कैम्प कार्यालय घेर सैफुद्दीन खां पर केक काट कर चांसलर मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी सपा के राष्ट्रीय महामंत्री आली जनाब मोहम्मद आजम खघन साहब का यौम ए पैदाइश मनाया। इस मौके पर उन्होंने कहा आईये हम सब मिल कर उस अजीम शख्सियत की लंबी उम्र की दुआ करें।

उन्होंने कहा अजीज साथियों लीडर बहुत हुए और होते रहेंगें मगर आली जनाब मोहम्मद आजम खान साहब जैसी अजीमुश्शान शख्सियत की मिसाल पूरे मुल्क में कही नही मिलती आप जैसी हस्ती सदियों में जन्म लेती है, बेशक आज वो दुश्मनो के घेरे में हैं मौजूदा सरकार और फाशिष्ट ताकतों की साजिशों ने उनके कांधे पर सेकड़ो फर्जी मुकदमात लाद कर उन्हें जेल की चार दीवारी में कैद तो कर दिया। मगर वो ये नही जानते शायद की आजम खान साहब तो खुद संघर्ष की कोख से जन्म लेने वाली शख्सियत का नाम है।



वो तो खुद में एक तहरीक और जीता जागता आंदोलन हैं उन्होंने जेल के 10ग10 के उस कमरे में जहाँ हवा और सूरज की किरणें भी नही पहुँचती उस मे रहना मंजूर किया मगर जालिम हुकूमत के आगे झुकना गवारह नही किया।

4 साल से जेल में रहकर सख्त तकलीफे अजीयतें बर्दाश्त करते हुए आज भी हालत से लड़ने वाले लोह पुरुष को अल्लाह रब्बुल इज्जत ता देर सलामत रखे मजीद हौसला अता फरमाये सच और झूठ की इस जंग में सच को फतेहयाब करे। एक बार फिर यौम ए पैदाइश की बहुत बहुत मुबा. रकबाद इस अवसर पर शैजी खां एडवोकेट, दानिश आबेदीन एडवोकेट, हसीन अहमद एडवोकेट, फरहान खां, अर्शी खां, फैजान खां, साजिद खां, सलमान खां, आदि मौजूद रहे।

# गोल्ड मेडल जीत कर रामपुर का नाम रोशन किया




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिले का नाम रोशन किया खेलो इंडिया के खिलाड़ी निगम कुमार लोधी ने सी बी एस सी क्लस्टर में पहली बार गोल्ड मेडल लेकर आये रामपुर के खेलो इंडिया के खिलाड़ी निगम कुमार लोधी 200 मीटर एवेंट में यह प्रतियोगिता मदर टेरेसा अकादमी जिला बागपत बड़ौत में 11अगस्त से 14 अगस्त तक आयोजित हो रही है।

खेलो इंडिया के कोच मोहमद फईम द्वारा खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत कर तैयार कराया जा रहा है, उनकी कड़ी मेहनत से खिलाड़ी ने सी बी एस सी क्लस्टर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीता है। जिला कीड़ा अधिकारी ने खिलाड़ी निगम कुमार की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### जन्माष्टमी को लेकर लगाई गई ड्यूटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर जनपद में शांति, सुरक्षा व स्वच्छता के विशेष प्रबंध किए गए हैं। नगर क्षेत्र को तीन सेक्टर में विभाजित कर मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगाई गई है।

उन्होंने बताया कि थाना गंज क्षेत्र में उप जिलाधिकारी सदर कुमार गौरव, थाना कोतवाली क्षेत्र में डिप्टी कलेक्टर अनुराग सिंह और थाना सिविल लाइन क्षेत्र में तहसीलदार सदर श्री कृष्ण कुमार चौरसिया की मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगायी गयी है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक सेक्टर में क्षेत्राधिकारी स्तर के पुलिस अधिकारी, पर्याप्त पुलिस बल व महिला सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे।

उन्होंने विद्युत विभाग को लटकते/टूटे तार सुधारने व निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, जबकि नगर पालिका/नगर पंचायत व पंचायत राज विभाग को सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सभी उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता रखेंगे, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मना सकें।

### रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के इच्छुक 25 अगस्त तक करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत जनपद रामपुर में चयनित शहरी/ग्रामीण अंचल में 36 राजकीय हाईस्कूल व इण्टर कालेजों में अध्ययनरत् बालिकाओं को 03 माह (सितम्बर, अक्टूबर और नवम्बर, 2025) तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए मानदेय के रूप में प्रतिमाह 15,000 रुपये की धनराशि दी जायेगी।

इसके अतिरिक्त चयनित प्रशिक्षक को 01 दिन में 40 मिनट प्रति वादन के अनुसार आवंटित 03 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रशिक्षण देना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षक के लिए मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट होना अनिवार्य है और चयन प्रकिया में महिला आवेदक को वरीयता दी जायेगी। आवंटित विद्यालय में आवागमन हेतु कोई अतिरिक्त धनराशि देय नहीं होगी।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय में 25 अगस्त, 2025 तक जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी आवेदन को स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक से प्राप्त कर सकते हैं।

### बड़े भाइयों ने छोटे भाई के साथ की मारपीट, पुलिस ने नही की कार्रवाई

**पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** पैसे के लेन देन को लेकर बड़े भाईयो ने छोटे भाई के साथ मारपीट की जब वह जान बचाकर भागा तब उसके भाईयो ने उसे गाँव मे दोड़ा लिया पीड़ित ने इसकी शिकायत चौकी पुलिस से की तो पुलिस ने परिवारिक मामला बता कर रफा दफा कर दिया इसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से की है।

मुस्तफा पुत्र मुस्तकीम ने पुलिस अधीक्षक को भेजे शिकायती पत्र मे कहा है कि उसके बड़े भाई मुजीब, व निजामुद्दीन ने कुछ समय पहले उससे नब्बे हजार रूपए उधार लिये थे जब वह इन लोगो से अपने पैसे वापस देने के लिए कहता है तब यह दोनो भाई उसके मारपीट करते है आठ रोज पहले जब इन लोगो से मुस्तफा ने अपने पैसे मांगे तब इन लोगो ने उसको मारपीट कर घर से निकाल दिया इसकी शिकायत उसने चौकी पुलिस से की लेकिन इन लोगो ने पुलिस से साठगांठ कर मामला रफा दफा करा दिया आठ रोज से वह किसी अपने मिलने वाले के घर पर रेह रहा है दो रोज पहले जब वह अपने काम का सामान घर लेने गया तब मुस्तफा के दोनो भाई मुजीब, व निजामुददीन ने घर मे घेर कर उसके साथ मारपीट शुरू करदी जान बचाकर जब वह घर से भागा तब उसके दोनो भाईयो ने लाठी डंडे लेकर उसे गांव मे दोड़ा लिया बड़ी मुश्किल से वह गांव से अपनी जान बचा कर भागा।

इसकी शिकायत उसने आकर चौकी पुलिस को तहरीर देकर की लेकिन पुलिस ने फिर वही परिवारिक मामला बता कर मामले को रफा दफा कर दिया इसकी शिकायत मुस्तफा ने पुलिन अधीक्षक से कर अपने दोनो भाई मुजीब, व निजामुद्दीन पुत्र मुस्तकीम के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

### घर के दरवाजे पर खड़े व्यक्ति से मोहल्ले के एक युवक ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा( रामपुर )।** नगर के मोहल्ला नवाबपुरा निवासी भूदेव सिंह पुत्र खेमचन्द सैनी ने पुलिस को बताया कि वह सुबह 11 बजे अपने घर के दरवा. जे पर खड़ा था तभी मोहल्ले का रहने वाला व्यक्ति प्रेमशंकर पुत्र दलपत सिंह गन्दी गन्दी गालिया देने लगा,जब गालियों का विरोध किया तो उक्त व्यक्ति भूदेव के साथ मारपीट करने लगा तथा हाथ का कड़ा निकालकर उसके सिर में मारा, जिससे उसका सिर फट गया।

आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने भूदेव के सिर पर डन्डा मारना चाहा तो उक्त डन्डा उसके हाथ पर लग गया जिससे भूदेव के हाथ की हड्डी टूट गयी। पीड़ित के सिर में 6 टांके आये हैं तथा हाथ में फ्रैक्चर हो गया है।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चेहल्लुम के पर्व पर नगर के विभिन्न मार्गों पर निकाले ताजिये

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में गुरुवार को चेहल्लुम के पर्व पर नगर में तजिए निकाले गए। इस अवसर पर नगर के विभिन्न मार्गो पर ताजिया निकाले गए और अजादार ष्या हुसैन या हुसैनष के नारे लगाते हुए छितौनी मार्ग, कोठी मोहल्ला, डेरा मोहल्ला और बड़ी मस्जिद से होते हुए कर्बला पर पहुंचे। यह पर्व इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाता है और इस दौरान लोग अपने श्रद्धा और भावना का प्रदर्शन करते हैं।

जो कर्बला की लड़ाई में शहीद हुए थे इस अवसर पर तजिए निकाले जाते हैं, जो इमाम हुसैन के मकबरे की प्रतिकृति होते हैं।अजादार ष्या हुसैन या हुसैन के नारे लगाते हुए तजिए को कर्बला पर ले जाते हैं और इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हैं।



चेहल्लुम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन ताजियों के साथ तैनात रहा ताकि जुलूस सुचारु रूप से निकाला जा सके।जुलूस के मार्ग को पहले से ही निर्धारित किया जाता है ताकि जुलूस सुचारु रूप से निकाला जा सके।चेहल्लुम के दौरान लोग इमाम हुसैन की याद में सबील फल केले सेब लड्डू जलेवी आदि बांटते हैं। ताजियों में हुरे एवं खूबसूरत आकृतियां बनाई जाती है लोग ढोल बजाने हैं आखिर में कर्बला पर जाकर फातिया पड़ते हैं और तजिए कर्बला में दफन किए जाते हैं।। इस दौरान कासिम पहलवान फैजान खान हारून खलीफा शमीम मुंशी नजाकत डॉ आदि रहे।

# किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** प्रदेश में किसानों के लिए सरकार की ओर से कई लाभकारी योजनाएं संचालित हैं। इन योजनाओं का लाभ सभी पात्र किसानों तक पहुंचे, इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायी जा रही है।

फार्मर रजिस्ट्री के तहत किसानों की डिजिटल आईडी बनाई जा रही है, ताकि किसानों को पारदर्शी तरीके से विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके।

उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि जनपद में अब तक 307015 के सापेक्ष 172083 किसानों द्वारा अर्थात 56.05 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि तहसील सदर में 34198, तहसील शाहाबाद में 33232, तहसील बिलासपुर में 18618, तहसील मिलक में 38519, तहसील स्वार में 26865 और तहसील टांडा में 20651 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि किसान फार्मर रजिस्ट्री की वेबसाइट ीजजचे://नचतिं.हतपेजंबा.हवअ.पद पर या फार्मर रजिस्ट्री यूपी ऐप पर जाकर स्वयं भी फार्मर रजिस्ट्री कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान जन सुविधा केंद्रों, कृषि व राजस्व एवं पंचायत विभाग के कर्मचारियों के माध्यम से अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा सकते हैं।


उप कृषि निदेशक ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में मुख्यत: किसान की भूमि का विवरण संकलित किया जायेगा तथा आधार सहमति से उनको सरकारी योजनाओं का लाभ त्वरित प्राप्त होगा और अभिलेखों को बार-बार उपलब्ध कराने से मुक्ति मिलेगी।

उन्होंने सभी किसानों से अपील की है कि अपने पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, लेखपाल, कृषि तकनीकी सहायक या नजदीकी सेवा केंद्र से संपर्क कर तत्काल प्राथमिकता से अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायें, ताकि किसानों को सभी योजनाओं का लाभ सुलभ रूप से प्राप्त हो सके।

# नवेद मियां ने किया सोना बहादुर की पुस्तक 'एन इनविटेशन टू फीस्ट' का विमोचन

**पुस्तक में रामपुर के व्यंजनों पर भी चौप्टर, लेखिका के पिता नरेंद्र कुमार रामपुर और मुरादाबाद में रहे हैं डीएम**






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बीबीसी गुड फूड इंडिया की पूर्व संपादक सोना बहादुर की पुस्तक 'एन इनविटेशन टू फीस्ट: अ डीप डाइव इनटू इंडियाज कलिनरी ट्रेजर्स' का विमोचन पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां द्वारा किया गया। नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित विमा. चन कार्यक्रम वो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि 'एन इनविटेशन टू फीस्ट'पुस्तक की लेखिका सोना बहादुर के पिता नरेंद्र कुमार सभरवाल 1973ख्1974 में रामपुर और 1974ख्1976 में मुरादाबाद जिला मजिस्ट्रेट रहे हैं। उनकी मां श्रीमती नीलम सभरवाल यूनेस्को और नीदरलैंड में भारत की राजदूत रही हैं।

उन्होंने बताया कि सोना बहादुर ने छह सालों तक भारत के खानपान के परिदृश्य के सार को समझने के लिए घरेलू रसोइयों, प्रसिद्ध शेफ, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं, रेस्टोरेंट मालिकों, ब्लॉगर्स, किसानों और उत्पादकों से बातचीत कर यह पुस्तक लिखी है, जिसमें रामपुर के व्यंजनों पर भी चौप्टर है। विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए नवेद मियां ने खाद्य पत्रकारिता में सोना बहादुर के योगदान को सराहनीय बताया।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि मशहूर शेफ मनीष मेहरोत्रा, पैनलिस्ट अनुभव सपरा, होइन्हु हौजेल और सदफ हुसैन समेत देशख्विदेश की कई महत्वपूर्ण लोग मौजूद रहे।

# जिले में उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध

- **अब तक कुल 55531 मी. टन यूरिया का किया जा चुका है वितरण**
- **उर्वरक का क्रय अपनी फसल एवं जोतबही के अनुसार ही करें किसान**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में यूरिया उर्वरक कुल 4676 मीट्रिक टन, डीएपी उर्वरक 2647 मीट्रिक टन एवं एनपीके 3712 मीट्रिक टन उपलब्ध है। गत वर्ष हुए 49215 मी. टन वितरण के सापेक्ष इस वर्ष अबतक कुल 55531 मी. टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है।

इसके अतिरिक्त जनपद को निजी क्षेत्र में यूरिया उर्वरक कुल 1228 मी. टन की एक रैक और प्राप्त हो जाएगी, जिसका वितरण सहकारिता एवं निजी क्षेत्र में 50-50 प्रतिशत के आधार पर किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि जनपद में किसी भी स्तर पर उर्वरक की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कृषकों से अनुरोध किया है कि उर्वरक का क्रय अपनी फसल एवं जोतबही के अनुसार ही करें। इसके अतिरिक्त यदि विक्रेता/सहकारी समिति द्वारा उर्वरको की बिक्री निर्धारित दरों से अधिक पर की जाती है या उर्वरक के साथ कोई अन्य उत्पाद जबरन दिया जाता है तो कृषक इसकी शिकायत कृषि विभाग के कण्ट्रोल रूम नम्बर 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते हैं। शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए दोषी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी।

# भारतीय लोकतंत्रा के चमन को उजाड़ा ना जाएः मोहिबुल्लाह नदवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** लोकतंत्र मुसलमानों को बराबरी का संवैधानिक वादा देता है। यह वादा उन्हें यह यकीन दिलाता है कि वे इस देश के समान अधिकार वाले नागरिक हैं। उनका धर्म, उनकी इबादतें, उनकी मस्जिदें और उनके मदरसे कानूनी तहफ्फुज के दायरे में आते हैं। अभिव्यक्ति की आजादी, धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक स्वायत्तता, इस प्रणाली के वे तोहफे हैं जो किसी और राजनीतिक विकल्प में मुमकिन नहीं होते।

भारत की सरजमीन अपनी विविधता और भाविशालता का एक ऐसे बाग की तरह है, जिसमें अलग-अलग फूल अपनी-अपनी खुशबू के साथ महकते हैं। इस बाग की फिजा को खुशनुमा बनाए रखने वाला सबसे बड़ा तत्व लोकतांत्रिक प्रणाली है। यह वही रौशनी है जो देश के हर कोने में, हर तबके के दिलों में उम्मीद की शमा जलाती है और मुसलमानों के लिए यह प्रणाली एक छायादार दरख्त की मानिंद है। जिसकी छांव में वे अपनी इवादत, अपनी जवान, अपनी तहजीब और अपनी नस्लों की परवरिश सुकून और तहफ्फुज के साथ कर सकते हैं।

यह लोकतंत्र ही का फैज है कि एक सदी से अधिक समय से, मुसलमान अपनी जनसंख्या की अल्पता और राजनीतिक कमजोरी के बावजूद अपने अस्तित्व और पहचान के साथ इस देश में कायम हैं। वे अपने मजहवी त्योहार मनाते हैं, अजान की सदाएं बुलंद करते हैं, मदरसे और मक्रातिव चलाते हैं, उर्दू कितावें पढ़ते और लिखते हैं, और अपनी जीवनशैली को बरकरार रखते हैं। यह सव किसी तानाशाही या निरंकुश शासन में महज एक ख्वाव होता-जहाँ हुक्मरान की मती ही कघनून बन जाती है और कमजोर की फरियाद किसी दीवार से टकराकर लौट आती है।

लोकतंत्र मुसलमानों को बराबरी का संवैधानिक वादा देता है। यह वादा उन्हें यह यकघेन दिलाता है कि वे इस देश के समान अधिकार वाले नागरिक हैं। उनका धर्म, उनकी इबादतें, उनकी मस्जिदें और उनके मदरसे कानूनी तहफ्फुज के दायरे में आते हैं। अभिव्यक्ति की आजादी, धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक स्वायत्तत, इस प्रणाली के वे तोहफे हैं जो किसी और राजनीतिक विकल्प में मुमकिन नहीं होते। वे चाहें तो अपनी भाषा में शिक्षा दें, अपने रिवाजों के मुतविक शादी-ब्याह करें, और अपने तहजीवी प्रतीकों के साथ जिन्दगी गुजारें और यह सब कुछ संविधान की गारंटी में मुमकिन है।

यही लोकतंत्र है जो हर नागरिक को वोट देने का अधिकार देता है। यह वोट सिर्फ कागज पर निशान लगाने का अमल नहीं, बल्कि एक कमजोर इंसान के हाथ में ताकघ्त का औजार है। इसी के जरिए वह सत्ता के गलियारों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराता है, अपने मसले कघनून बनाने वाले संस्थानों तक पहुंचाता है, और अपने नुमाइंदे चुनता है। मुसलमानों के लिए यह हक इस वजह से और भी कीमती है क्योंकि उनकी आवाज, उनकी सोच और उनके मसले, इसी रास्ते से देश की सामूहिक बातचीत का हिस्सा बनते हैं।

इसके साथ-साथ लोकतंत्र एक और नेमत अता करता है इंसाफ के दरवाजे बंद नहीं करता। अदालतें, अपनी तमाम कमजोरियों और सुस्ती के बावजूद, उम्मीद का एक चिराग हैं। अगर जुल्म हो, नाइंसाफी हो या हकघ मारा जाए, तो कघनून की राह मौजूद है। यह एहसास कि कहीं न कहीं सच की आवाज सुनी जाएगी, जुल्म के अंधेरों में भी एक रौशनी देता है।



लेकिन यह सब तभी मुमकिन है जब लोकतंत्र अपनी असली रूह और बुनियादी स्तंभों पर कायम रहे। अगर ये स्तंभ हिलने लगें, इसके उसूल कुचले जाने लगें, और सत्ता की बागडोर चंद ताकतवर तबकों तक सीमित हो जाए - तो सबसे पहले नुकसान उन्हीं तबकों और कघैमों को होगा जो पहले से ही आर्थिक और राजनीतिक लिहाज से कमजोर हैं। भारत में मुसलमान इस वकघ्त सबसे ज्यादा प्रभावित होने वालों में होंगे, क्योंकि उनकी बक्ता का सबसे मजबूत सहारा यही लोकतांत्रिक ढांचा है। अगर लोकतंत्र कमजोर पड़ गया तो सबसे पहले मुसलमानोंकी धार्मिक स्वतंत्रता निशाने पर आएगी। मस्जिदों और मदरसों के अधिकार सीमित किए जा सकते हैं, धार्मिक त्योहारों और परंपराओं पर तरह-तरह की पाबंदियाँ लग सकती हैं। भाषा और संस्कृति के संरक्षण की गारंटी धुंधली हो जाएगी, और चुनावी राजनीति में उनकी आवाज को दवाया जा सकता है, क्योंकि सत्ता और अधिकार का केन्द्र कुछ चंद हाथों में सिमट जाएगा। अदालतों से इंसाफ हासिल करना और भी मुश्किल हो जाएगा, और कमजोर के हकघ में फैसला लेना एक ख्वाब बन जाएगा।

यही वजह है कि लोकतंत्र का वकघ और इसके बुनियादी स्तंभों की हिफाजत, सिर्फ एक सियासी जरूरत नहीं बल्कि भारत के मुसलमानों के लिए जिंदगी और मौत का सवाल है। स्वतंत्र न्यायपालिका, निष्पक्ष मीडिया और पारदर्शी चुनाव प्रणाली- ये तीन स्तंभ है जिन पर यह इमारत खड़ी है। अगर न्यायपालिका कमजोर हो जाए तो जुल्म को कानूनी इजाजत मिल जाती है। अगर मीडिया सत्ता के इशारों पर चलने लगे तो आवाम को हकघेकत की जगह सिर्फ प्रोपेगेंडा : ही सुनने को मिलता है अगर चुनाव प्रकिया पर शक पैदा हो जाए तो लो. कतंत्र एक तमाशा बनकर रह जाता है, जिसमें जनता के वोट का कोई वजन नहीं रह जाता।

मुसलमानों के लिए इन स्तंभों की मजबूते इसलिए भी जरूरी है कि यही उनके मजहवी, तहजीधी और सियासी तहारकुत के जामिन है। स्वतंत्र न्यायपालिका उन्हें यह यकीन देती है कि अगर उनके हक छिने जाएं तो कहीं न कहीं इंसाफ की उम्मीद वाकी है। निष्पक्ष मीडिया उनकी आवाज को आम बहस में शामिल करता है, उनके मसलों को राष्ट्रीय एजेंडे में जगह देता है। और पारदर्शी चुनाव प्रणाली उन्हें यह मौका देती है कि ये अपने नुमाईदे चुन सकें, जो उनकी बात कानून बनाने वाले मंचों तक पहुंचाएं।

यह सच है कि लोकतंत्र के तहाकूज के बगैर भारत में मुसलमानों की हालात एक ऐसे किश्ती की तरह होगी, जिसका पाल टूट चुका हो और जो तूफान के रहम-ओ-करम पर हो। अगर यह निजाम सलामत रहा तो वे अपने ईमान, अपनी तहजीब और अपनी नस्लों के साथ इजजत और सुकून से जिंदगी बसर करेंगे और अगर यह ढांचा बिखर गया, तो इन सबका एक बड़ा सवाल वन जाएगा। भारत जैसे विशाल और विविधता से भरे देश में लोकतंत्र की बका इस बात पर निर्भर करती हैकि इसके बुनियादी उसूलों पर किसी भी कीमत पर समझौता न किया जाए। जनता को जागरूक रहना होगा न्यायपालिका को अपनी निष्पक्षता पर कायम रहना होगा, मीडिया को सच्चाई का प्रति. निधि बनना होगा, और चुनावी प्रक्रिया को हर प्रकार के दवाव से आजाद रखना होगा।

यही वह रास्ता है जो इस देश की एकता और अखंडता को सुरक्षित रख सकता है, और पहचान और आजादी के साथ जीने का मौका मुसलमानों को इस सरजमीन पर अपनी दे सकता है। लोकतंत्रका चिराग अगर रौशन रहे, तो यह सिर्फ सियासी रौशनी नहीं बल्कि तहजीवी और रूहानी रौशनी भी है, जो हर दिल को मुतारिफ करती है। इसके मुहाने का मतलब सिर्फ एक निजाम का खात्मा नहीं, वल्कि एक दौर का अंत, एक उम्मीद का टूटना, और एक रोशनी का बुझ जाना है। मुसलमानों के लिए इस रौशनी को बुझने न देना एक दीन, एक कॉम और एक इंसानी जिम्मेदारी है।

क्योंकि इसके बुझने के बाद अंधेरा सिर्फ उनके घरों में नहीं बल्कि पूरे मुल्क में फैल जाएगा। लोकतंत्र की हिफाजतु इसके स्तंभों को मजबूत बनाए बनाए रखना और इसके उसूलों पर अमल को यकीनी बनाना यह एक ऐसा फर्ज है, जिस पर उनके ईमान, उनकी जवान, उनकी तहजीब और उनकी आने वाली नस्ली की आजादी का इनहिसार है। यही शऊर और यही बारी, आने वाले जमाने में उनके लिए सबसे बड़ा सरमाया और सबसे बड़ी ढाल सावित होगी।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने मावा, दूध व बूंदी के चार नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर स्वतन्त्रता दिवस और जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

विशेष छापामार अभियान में सैफनी स्थित रामौतार दूध डेयरी के अशोक पुत्र रामौतार से मावा और दूध का 01-01 नमूना, मुस्कान डेयरी के आरिफ पुत्र मुबारक हुसैन से दूध का 01 नमूना लिया गया और शाहबाद, बडागांव स्थित मनोज पुत्र महेन्द्र की मिठाई की दुकान से बूंदी दाना का 01 नमूना लिया गया। इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थो के कुल 04 विधिक नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये।



जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेंगे। सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण अशोक कुमार, धर्मपाल सिंह, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति के संबंध में की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में परियोजना अधिकारी यूपीनेडा सूर्य प्रकाश ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनान्तर्गत निजी आवासों पर 01 किलोवाट से 10 किलोवाट तक के विद्युत कनेक्शन पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना का प्रावधान है, जिस पर अधिकतक 1,08,000.00 (एक लाख आठ हजार रू०) तक की सब्सिडी केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दि जाती है। जो भी लाभार्थी इस योजना का लाभ लेना चाहता है वह नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित पोर्टल चउेनतलंहींत.हवअ.पद पर नि:शुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी के पास अपना आधार कार्ड, बिजली का बिल, बैंक पासबुक एवं मोबाइल नं० होना चाहिए। जनपद रामपुर में अबतक 1829 संयंत्रों की स्थापना करायी जा चुकी है और 1455 लाभार्थियों/उपभोक्ताओं को सरकार की तरफ से सब्सिडी भी प्राप्त हो चुकी है।

मुख्य विकास अधिकारी ने परियोजना अधिकारी यूपीनेडा को निर्देशित किया कि समस्त वेण्डर से उनके बैंक स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों की सूची तथा ऐसे आवेदकों की सूची, जिन्होंने वेण्डर को चयनित कर लिया है को प्राप्त करते हुये तत्काल प्रस्तुत करें।

उन्होंने बैठक में उपस्थित बैंक प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि बैंक में लम्बित आवेदन पत्रों का तत्काल निस्तारण कराये जाने हेतु जिला अग्रणी प्रबन्धक को निर्देशित किया।

सीडीओ ने समस्त वेण्डर्स को योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सार्वजनिक स्थानों, विभिन्न तहसीलों, ब्लाकों एवं सरकारी कार्यालयों में केनोपी / कैम्प का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि जो वेण्डर्स बैठक में उपस्थित नहीं हुये हैं, उनके खिलाफ नोटिस जारी किया जाये।

# चेहल्लुम ! दहकते अंगारों पर चले अज़ादार

## कर्बला में हुई अजीम शहादत को किया याद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के चेहलुम पर गमगीन अजादारों ने दहकते अंगारों पर चलकर मातम करते हुए 1400 साल पूर्व कर्बला में हुई अजीम शहादत को याद किया। गुरुवार को शहर के इमामबाड़ों में सुबह से शुरू हुआ मातमदारी का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। मजलिसों में अपने-अपने अंदाज में दास्तान-ए-कर्बला सुनाकर उलेमाओं ने अजादारों को रोने पर मजबूर कर दिया।

अंजुमन-ए-इमामिया के संयोजन में गुरुवार शाम शहर के मोहल्ला दानिशमंदान स्थित इमामबाड़ा अकबर अली में आग का मातम किया गया। परचम बुलंद कर दहकते अंगारों पर चले अजादारों ने या हुसैन-या हुसैन की सदाएं बुलंद की। वहीं, मोहल्ले में स्थित इमामबाड़ा वजीर-उन-निसा में मजलिस का आयोजन भी किया गया। मौलाना काजिम मेंहदी उरूज जौनपुरी ने कर्बला में हक और इंसानियत के खातिर दी गई इमाम हुसैन की कुर्बानी का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि यजीद की फौज ने अहलेबैत पर कैसे-कैसे जुल्म किए। जिसे सुनकर अजादारों की आंखे नम हो गईं। मौलाना ने आगे कहा कि 1400 साल गुजरने के बाद भी इमाम हुसैन की शहादत आज भी ऐसे जिंदा है जैसे कल का वाक्या हो और इस शहादत को दुनिया रहते यूं ही याद किया जाता रहेगा। क्योंकि, कर्बला हमें हक, सब्र और इंसाफ की राह पर चलने का पैगाम देती है। मजलिस के बाद बेहद गमगीन माहौल में ताबूत व दुलदुल बरामद किया गया। अजादारों ने मातम करते हुए इमाम हुसैन की शहादत का गम मनाया। इस दौरान माहिर हुसैन, नईम रजा, मीसम रजा, आलिम रजा, सिकंदर रजा, रिजवान जैदी, गुलाम अली, मोहम्मद काजिम आलिजा हसन, कोकब अब्बास, शहजाद रजा, अली नकवी आदि मौजूद रहे। वहीं, चेहलुम के सिलसिले में अमरोहा शहर से लेकर नौगावां सादात तक माहौल गमगीन बना रहा। घरों में जिक्र-ए-हुसैन के बीच नजर का एहतमाम भी किया गया।



# गमगीन माहौल में निकाला चेहल्लुम का जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कर्बला के 72 शहीदों की याद चेहल्लुम जुलूस निकाला गया। जुलूस में निकले बड़ी संख्या में लोगों ने मातम किया।

गुरुवार को शिया मस्जिद से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हम गगमगीन माहौल में चेहल्लुम का जुलुस बरामद किया गया। यहां पर बाहर से आये अंजुमनों ने सीनाजनी मातम करते हुए जुलूस को प्रस्तावित रास्तों पर निकाला। नोहा पढ़ने के साथ ही कर्बला के 72 शहीदों को याद कर उनको खिराजे अकीदत पेश की गई। यह जुलूस पूठ अड्डा काला शहीद गढ़ी वाली मस्जिद के सामने से होता हुआ इमामबाड़े के पास पहुंचा। पूरे रास्ते नोहा मातम पढ़ते हुए जुलुस को निकाला गया। चेहल्लुम के जुलूस में मातम मनाया गया। शिया धर्म गुरुओं ने बताया कि इस दिन हजरत इमाम हुसैन की बहादुरी की दास्तान सुनी और सुनाई जाती है। हक और सच्चाई के लिए उनकी शहादत को याद किया जाता है। जुलूस में ताजिये और अलम भी शामिल थे। आजादर नंगे पांव शहीदों को पुरसा देने के लिए जुलुस में साथ हो गये। सब खास ओ आम चेहल्लुम हुआ तमाम, चले आओ ए जव्वारों चले आओ, मेरी आवाज प लब्बेक पुकारो जाओं, दर्द भरे नोहों और या हुसैन या हुसैन की सदाओं के साथ आजादारों के गमजदा चेहरे नम आंखों से कर्बला के शहीदों को पुरसा दे रहे थे।



अमरोहा। कुंदन इंटर कॉलेज में भारत विभाजन दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

# मारपीट की दो घटनाओं के मुकदमे दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर क्षेत्र में मारपीट के अलग-अलग दो मामलों में पुलिस ने छह लोगों को नामजद करते हुए आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पहली घटना रमाबाई डिग्री कालेज के सामने हुई। थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव पूठी निवासी शुभ चौधरी दस अगस्त को किसी काम से गजरौला आए थे। आरोप है कि रमाबाई डिग्री कालेज के सामने दो बाइकों पर सवार गांव यकबगड़ी के रहने वाले मुकुल उर्फ बिटटू बस्ती निवासी रितिक ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ शुभ चौधरी के साथ मारपीट करते हुए धारदार हथियार से

**पुलिस ने शुरू की मामले की जांच पड़ताल**

हमला कर घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने मुकुल उर्फ बिटटू व रितिक को नामजद करते हुए चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। दूसरी घटना मुहल्ला मायापुरी में हुई। यहां के रहने वाले महेंद्र सिंह का आरोप है कि 12 अगस्त को मुहल्ले के रहने वाले हरपाल, रिंकु, चंद्रशेखर व आनंद ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस बारे में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल व आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



हसनपुर। चेहल्लुम पर मातम करते अजादार।

# भारत का विभाजन भीषण त्रासदी

## परिवार टूटने का गम कभी न भूलने वाला जख्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि देश के विभाजन का निर्णय बेहद कष्टदायक था। रैड क्लिफ द्वारा खींची गई लाइन ने देश को तोड़कर रख दिया था।

कुंदन मॉडल इंटर कालेज में भारत विभाजन विभीषिका दिवस के मौके पर प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि विभाजन के दर्द को कभी भुलाया नही जा सकता। यह एक पीढ़ी का दर्द नहीं बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ी भी इससे प्रभावित होंगी। उन्होंने कहा कि विविधता ही देश की आत्मा है हम सभी को एक साथ मिलकर रहना चाहिये। चेयरमैन शशि जैन ने कहा कि बंटवारे का दर्द इतना भयानक था कि इसकी गवाही टूटे हुए घर आज भी देते है। हम सभी को उन महान लोगों को श्रद्धांजलि देनी चाहिये जिन्होंने इस दंश को झेला। विभाजन के दौरान जो क्षति देश को हुई वह इतिहास में आज तक नहीं हुई है। नफरत, हिंसा, आगजनी से हमारे लाखों भाई-बहनों को हमसे बिछड़ना पड़ा। उन्होंने कहा कि हम सभी को सबका साथ, सबका विकास के साथ आगे बढ़कर देश की तरक्की के बारे में सोचना चाहिये। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि भारत का विभाजन एक मानवीय त्रासदी थी। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि विभाजन हमेशा आपसी लड़ाई से होता है। कोई तीसरा व्यक्ति आकर हमारे बीच दरार पैदा करता है, हमें ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिये। इस मौके पर राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, शर्मा देवी इंटर कालेज की छात्राओं ने आपरेशन सिंदूर, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने नाटक, हिल्टन कान्वेंट पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विभाजन विभीषिका पर नाटिका, लिटिल स्कालर्स के बच्चों ने प्ले एक्ट एण्ड डांस, श्रीराम चन्द्र बत्री स्कूल के बच्चों ने एकल नृत्य आदि की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, पीडीडीआरडीए अम्बरीष कुमार, डीआईओएस डा. प्रवेश कुमार, बीएसए मौजूद रहीं।

# 50 हजार की सुपारी देकर कराई आशीष की हत्या

## साथी कलाकार के साथ समलैगिंग संबंध, रामलीला में करता था महिला का किरदार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आशीष की हत्या का हसनपुर पुलिस ने एसओजी-सर्विलांस टीम की मदद से खुलासा कर दिया है। तीन हत्यारोपियों की गिरफ्तारी कर घटना में इस्तेमाल थ्री व्हीलर व मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया है। पार्टी संचालक बंटी ने 50 हजार रुपये में सुपारी देकर उसकी हत्या कराई थी। मृतक आशीष होमोसेक्सुअल था, हत्यारोपी बंटी के साथ उसके अवैध संबंध भी थे। छह महीने पूर्व पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद में पार्टी छोड़ना उसकी हत्या की मुख्य वजह रहा।

जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में करनपुर-भूतखदेड़ी के जंगल में एक युवक का शव पड़ा मिला था। युवक के गले में नायलॉन की रस्सी कसी हुई थी। करीब 16 घंटे बाद मृतक की शिनाख्त संभल जिले के बहजोई थाना क्षेत्र के गांव



पवासा निवासी हरि सिंह के बेटे आशीष की शक्ल में हुई थी। मृतक दो बहनों का इकलौता भाई था तथा जागरण पार्टी व रामलीला में महिला पात्र का किरदार निभाता था। मृतक की बहन पुष्पा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर हसनपुर पुलिस तभी से हत्यारोपियों की सुरागकशी में जुटी हुई थी। एसपी अमित कुमार आनंद ने हत्याकांड के खुलासे के लिए एसओजी-सर्विलांस टीम को भी लगाया था। क्लू मिलने पर पुलिस ने संभल कोतवाली के मोहल्ला नूरिया सराय निवासी बंटी सैनी, नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला रायशक्ति नवाबपुर निवासी बिट्टू सैनी व नरेश सैनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो तीनों ने आशीष की हत्या करना स्वीकार कर लिया।गुरुवार को पुलिस कार्यालय सभागार में एसपी ने आशीष हत्याकांड का राजफाश किया। बताया कि मृतक बीते 10-12 बंटी सैनी की सांस्कृतिक झांकी में काम करता था। आशीष होमोसेक्सुअल भी थी। दोनों के बीच अवैध संबंध थे। छह महीने पूर्व पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद होने पर आशीष।बंटी की पार्टी छोड़ संभल के ही रहने वाले हैप्पी व शुभम की पार्टी में शामिल हो गया था। आशीष के पार्टी छोड़ने के बाद बंटी को कारोबारी नुकसान हो रहा था। बंटी उस पर वापस आने के लिए दबाव बना रहा था लेकिन आशीष ने वापसी से साफ इनकार कर दिया था। इसी रंजिश में बंटी ने बिट्टू व नरेश को 50 हजार रुपये में आशीष की हत्या की सुपारी दी थी। एसपी ने बताया कि तीनों हत्यारोपियों का चालान कर दिया गया है।

# गंगा की तेज धार में बही 5 मीटर सड़क

## दो जिलों के बीच टूटा सम्पर्क



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र में गुरुवार की रात अमरोहा-बुलंदशहर मार्ग पर स्थित गंगानगर पुल की 5 मीटर तक सड़क पूरी तरह गंगा कि तेज धार में कट गई। इसको लेकर गंगा किनारे बसे ग्रामीणों में दहशत है। पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश के चलते और पानी छोड़े जाने से गंगा उफान पर है। गंगानगर के निकट स्थित पुल की करीब 5 मीटर सड़क पूरी तरह से कटकर अलग हो गई। गंगानगर पुल के नजदीक काफी दिनों से कटान चल रहा है। बाढ खंड विभाग प्लास्टिक के बोरों में मिट्टी भरवा कर पुल की अप्रोच सड़क को रोकने का लगातार प्रयास कर रहा है। अगर सड़क पूरी तरह से कट गई तो अमरोहा और बुलंदशहर जिले के बीच का संपर्क टूट जायेगा। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि गंगानगर पुल से मेहरपुर,जयतौली समेत समेत भारी संख्या में लोगों का पुल से आवागमन रहता है। अब जबकि गंगा के कटान से सड़क कट रही है। इसे देखते हुए गंगानगर पुल पर पूर्ण रूप से आवाजाही बंद कर दी गई है। बाढ़ खंड के ठेकेदार सुभाष कुमार ने बताया कि लगातार मिट्टी के बोरे भरकर एवं जाल लगाकर सड़क को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। लगभग 4 से 5 मीटर सड़क कट चुकी है। कोशिश जारी है कि सड़क को कटने से रोका जाये। जिसके लिए लगातार मजदूर कार्य कर रहे हैं। एसडीएम पुष्करनाथ चौधरी ने बताया कि लगातार बाढ़ ग्रस्त इलाकों में नजर रखी जा रही है। गंगानगर पुल पर लगातार मजदूरों द्वारा कार्य कराया जा रहा है।

# एनसीसी कैडेट्स निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** आरएचएम डिग्री कालेज डिडौली के एनसीसी कैडेट्स व अध्यापकों द्वारा कस्बे में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जिसका शुभारंभ कालेज परिसर से हुआ। यात्रा में शामिल कैडेट्स व शिक्षक हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाते चल रहे थे। तिरंगा यात्रा कस्बे के विभिन्न रास्तों से होते हुए लोगों में देशभक्ति का उत्साह जगाती चल रही थी। राहगीरों व दुकानदारों ने तिरंगा यात्रा का जोरदार स्वागत किया। प्राचार्य डा. हरिओम अवस्थी ने कहा कि युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने के लिए इस तरह के आयोजन बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में प्रबंधक मोहम्मद आसिफ, डा. बलराम सिंह, डा. अनिल, ओमवीर सिंह, महक जारा आदि मौजूद रहीं।

# तिरंगा हमारे देश की एकता का प्रतीक: जुल्फेकार

## ब्लाक कर्मियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** ब्लाक कर्मियों द्वार हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें देश भक्ति के नारों की गूंज दूर तक सुनाई दी।

ब्लाक सभागार से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा में शामिल सभी कर्मी बाइक पर सवार होकर हाथों पर तिरंगा लेकर देश भक्ति के नारे लगाते चल रहे थे। यात्रा हाईवे से होते हुए गांव चौधरपुर स्थित अमृत सरोवर पर पहुंची। यहां आयोजित कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी लोकचंद आनंद ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की एकता, अखंडता, स्वतंत्रता का प्रतीक है। ब्लाक प्रमुख जुल्फेकार अली ने कहा कि देश की एकता हो बनाये रखने के लिये युवा अपनी जिम्मेदारी समझे। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी सत्येन्द्र कुमार, जितेन्द्र सिंह परमानंद, ग्राम विकास अधिकारी नेपाल सिंह, कुंवर ज्योति, अंजुम परवीन, मोहित चौधरी, आलोक कुमार, अमरजीत सिंह, हेमलता, इमामुद्दीन, इरफान अली, सचिन पाल, सत्यम बंसल, दिवेश कुमार, परबेन्द्र सिंह, मौ. अयूब, नीरज कुमार, निशात मौजूद रहे।

# मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ दुनिया के सामने खड़ा भारत

## डा. ढिल्लो ने सरकार को जमकर सराहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा क आज भारत मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ दुनिया के सामने खड़ा है। प्रधानमंत्री देश के सामने आने वाली हर परेशानी का हल आसानी से ढूंढ लेते हैं।



विधानसभा सत्र के दौरान डा. हरि सिंह ढिल्लो ने सरकार की प्रशंसा करते कहा कि कोरोना महामारी के दौरान केन्द्र सरकार ने देश के अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देकर उनके जख्मों पर मरहम लगाया। आज देश मजबूत अर्थ व्यवस्था के साथ दुनिया के सामने खड़ा है। उन्होंने प्रदेश सरकार की तारीफ करते कहा कि योगी राज में साढ़े आठ साल में प्रदेश के अंदर जो परिवर्तन हुए है वह आज तक कोई सरकार नहीं कर सकी। जब 2017 में भाजपा की सरकार बनी थी तो 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रूपये का कर्ज माफ हुआ। प्रदेश सरकार ने बिना भेदभाव के हर वर्ग का विकास कराया। इस समय सरकार का मकसद युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार देकर प्रदेश के विकास में भागीदार बनाना है।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की चेयरपर्सन अंशु नागपाल और निदेशक समीर नागपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखा और उनके प्रयास की सराहना की।

छात्र-छात्राओं ने श्री कृष्ण और राधा के रूप में सज-धजकर अपनी रचनात्मकता और भक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद कान्हा जी को माल्यार्पण किया गया। आकर्षक झांकियों के माध्यम से राधा-कृष्ण की मनमोहक झलक दिखाई गई, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। छात्रों की प्रस्तुति ने भगवान कृष्ण के जीवन और उनके आदर्शों को जीवंत कर दिया। चेयरपर्सन ने जन्माष्टमी के अवसर पर सभी

**उल्लास**

**भगवान श्री कृष्ण व राधा के रूप में बच्चों ने प्रस्तुत की नाट्य प्रस्तुति**

छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण की शिक्षाएं हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे भगवान कृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज के लिए एक सकारात्मक योगदान दें। प्रधानाचार्या निशि सिंह ने कहा कि यह उत्सव न केवल छात्रों के लिए जन्माष्टमी के महत्व को समझने का अवसर था, बल्कि उनके लिए अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का भी एक मंच था।

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग में न बरते लापरवाही



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने चेताया कि रेन वाटर से संबंधित यदि कोई समस्या है तो उसे विभाग से जानकारी लेकर ठीक करें। लापरवाही पर कार्रवाई के लिये तैयार रहे।

कलक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत कैच द रैन कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग पोर्टल पर ठीक से फीडिंग करें। रीडिंग में कोई डुप्लीकेशन नही होना चाहिये। यदि ऐसा किया तो संबंधित के खिलाफ शासन द्वारा जिम्मेदारी तय की जायेगी तथा सख्त कार्रवाई की जायेगी। फीडिंग के काम में किसी प्रकार की कोई गलती न हो। डुप्लीकेशन पर शिकायत नहीं आनी चाहिये।

## सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं














































































# सम्पादकीय

शुक्रवार, 15 अगस्त 2025

## लोकतांत्रिक जवाबदेही

किसी भी निर्वाचित विधानसभा में मताधिकार रखने वाले सदस्यों के मनोनयन जैसे बड़े फैसले लोकतांत्रिक जनादेश से आने चाहिएं, न कि प्रशासनिक विवेक से। केंद्रीय गृह मंत्रालय का जम्मू एवं कश्मीर हाईकोर्ट से यह कहना कि उप-राज्यपाल (एलजी) निर्वाचित सरकार की सहायता और सलाह के बगैर पांच विधानसभा सदस्य मनोनीत कर सकते हैं, लोकतांत्रिक जवाबदेही को धता बताता है। हाईकोर्ट का संवैधानिक सवाल इससे ज्यादा सीधा नहीं हो सकता, क्या जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, जो एलजी को पांच विधानसभा सदस्य मनोनीत करने की इजाजत देता है, जिससे अल्पसंख्यक सरकार बहुमत की सरकार में बदल सकती है और इसका उल्टा भी हो सकता है, संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है, इस सवाल को संबोधित करने के बजाय, मंत्रालय कानून के तकनीकी बिंदुओं में चला गया। पुडुचेरी के के. लक्ष्मीनारायणन बनाम भारत संघ' मामले का हवाला देते हुए, उसने अपनी दलील में कहा कि मनोनयन निर्वाचित सरकार के काम के दायरे से बाहर हैं। उसने दावा किया कि स्वीकृत संख्या में निर्वाचित और मनोनीत, दोनों तरह के सदस्य शामिल हैं। उसने लो. कतांत्रिक परामर्श को दरकिनार करने के औचित्य के रूप में केंद्रशासित प्रदेश अधिनियम (मतदान प्रक्रियाएं), 1963 की धारा 12 का भी उल्लेख किया। जब 119-सदस्यीय विधानसभा में पांच मनोनीत सदस्य सरकार की स्थिरता तय कर सकते हों, तो यह मुद्दा स्वीकृत संख्या की कानून-द्वारा-निर्धारित परिभाषाओं से परे चला जाता है। असल सवाल यह है कि क्या नियुक्त पदाधिकारियों को जनता का चुनावी फैसला उलट सकने की इजाजत देने वाला कोई कानूनी ढांचा संविधान की लो. कतांत्रिक मूलभावना का उल्लंघन करता है। संशोधनों के जरिये वर्ष 2019 के अधिनियम में धारा 15ए और 15बी को शामिल किया गया, जो निर्वाचित विधानसभा में महिलाओं की अपर्याप्त नुमाइंदगी की स्थिति में दो महिलाओं को मनोनीत करने की मौजूदा शक्ति के अलावा, एलजी को दो कश्मीरी प्रवासियों (एक महिला सहित) और पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर समुदाय से एक व्यक्ति को मना. ेनीत करने की इजाजत देते हैं। इस तरह पांच मनोनीत सीटें बनती हैं। हाईकोर्ट ने इस मुद्दे को जिस तरह सूत्रबद्ध किया है उसमें इससे जुड़े जोखिमों को स्वीकार किया गया हैरू यह ह्अल्पमत सरकार को बहुमत की सरकार में बदल सकता है या इसका उल्टा भी कर सकता है, जिससे चुनावी प्रक्रिया उलट सकती है। यह चिंता बेबुनियाद नहीं है, साल 2021 में, लक्ष्मीनारायणन के शासन के तीन साल बाद, पुडुचेरी में मना. ेनीत सदस्यों और दल-बदल करने वाले निर्वाचित विधायकों ने कांग्रेस-नीत सरकार गिराने में योगदान दिया। इसके अलावा, निर्वाचित प्रतिनिधियों से सलाह-मशविरे के बिना जम्मू एवं कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया, जो लोकतांत्रिक जवाबदेही को और ज्यादा महत्वपूर्ण बनाता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वीकारे जाने और जम्मू एवं कश्मीर में भारी समर्थन होने के बावजूद राज्य के दर्जे की बहाली का वादा अधूरा है, जो और भी जरूरी बनाता है कि मौजूदा इंतजामात को लोकतांत्रिक शासन मजबूत करना चाहिए। मंत्रालय की यह दलील कि मनोनयन ह्निर्वाचित सरकार के कामकाज के दायरे के बाहरह् हैं, सुप्रीम कोर्ट के फैसलों द्वारा विकसित हो रहे न्यायसिद्धांत के विपरीत हैं। वर्ष 2018 और 2023 के दिल्ली की सेवाओं के मामलों में, उसने फैसला दिया कि एलजी को निर्वाचित सरकारों की सहायता और सलाह से काम करना चाहिए।

## भारत लोकतंत्र की जननी, हमारे लिए संविधान सर्वोपरि



भारत लोकतंत्र की जननी है, हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है, आजादी के त्योहार में शामिल होने वाले सभी देशवासी हमारा परिवार हैं, हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जो हमारी सामाजिक अस्मिता का मूल आधार है, किसी राष्ट्र के इतिहास में 75 साल का इतिहास पलक झपकने जैसा होता है, भारत के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है, इस काल खंड में भारत की चेतना जागी, इस ऐतिहा. सिक अवसर पर आप सबको संबोधित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है,15 अगस्त की तारीख हमारी सामूहिक स्मृति में गहराई से अंकित है, औपनिवेशिक शासन की लंबी अवधि के दौरान देशवा. सियों की अनेक पीढ़ियों ने यह सपना देखा कि एक दिन देश स्वाधीन होगा, देश के हर हिस्से में रहने वाले सभी लोगों ने विदेशी शासन की बेड़ियों को तोड़ेंकने के लिए व्याकुल थे।

-द्रौपदी मुर्मू
राष्ट्रपति

# आजादी के 78 वर्षों में कितने बदले लोकतंत्र के हालात





योगेश कुमार गोयल

प्रत्येक भारतवासी के लिए 15 अगस्त का दिन गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। हालांकि स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज भी देश के प्रत्एक नागरिक के दिलोदिमाग में वही जज्बा और उत्साह समाहित है लेकिन जब हर वर्ष स्वतंत्रता के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत सारे ऐसे जनप्रतिनिधियों को देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है? देश को आजाद हुए सात दशक से अधिक हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 78 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात किस कदर बदले हैं, वह किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि गाली-गलौच, उठापटक से लेकर कुर्ता-फाड़ राजनीति तक उतर आते हैं। विधानसभाओं की तो क्या बात करें, जब संसद की कार्यवाही ही कभी विपक्ष और कभी स्वयं सत्ता पक्ष द्वारा ही कई-कई दिनों तक लगातार नहीं चलने दी जाए तो राष्ट्र के लिए इससे ज्यादा चिंतनीय स्थिति और क्या हो सकती है? संसद में होने वाले ऐसे हंगामों के कारण प्रति मिनट आम आदमी के करीब ढ़ाई लाख रूपए बर्बाद होते हैं यानी हर एक घंटे में करीब डेढ़ करोड़ रूपए खर्च होते हैं। अब चूंकि संसद की कार्यवाही प्रतिदिन 6 घंटे चलनी होती है, ऐसे में संसद के दोनों सदनों में दोनों पक्षों के विरोध, हो-हल्ले और शोर के कारण जनता के खून-पसीने की कमाई के प्रतिदिन करीब 9 करोड़ रूपए से अधिक बर्बाद हो जाते हैं।

गंभीर चिंतन का विषय है कि वर्षों की गुलामी के बाद मिली आजादी को आज हम जिस रूप में संजोकर रख पाए हैं, वह 78 वर्षों में ही कितना विकृत हो चुका है। आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं, वहां कुछ दशकों में ही आजादी की तस्वीर ऐसी हो जाएगी। हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है और चांद पर भी तिरंगा लहरा दिया है। लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की लगातार बढ़ती घटनाएं और समाज में अपराधों की बढ़ती सीमा को देख बुजुर्ग तो अब कहने लगे हैं कि गुलामी के दिन तो आज की आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय तो व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। 'सैयां भए कोतवाल तो डर काहे का' कहावत हर कहीं चरितार्थ हो चली है। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जिस तरह की दरिंदगी की गई है, ऐसे मामलों को देखते हुए और क्या कहा जाए? देश में महंगाई सुरसा की तरह बढ़ रही है, आतंकवाद की घटनाएं पग पसार रही हैं, आरक्षण की आग रह-रहकर देश को जलाती रहती है। इस तरह के हालात निश्चित तौर पर देश के विकास के मार्ग में बाधक बनते हैं। हर कोई सत्ता के इर्द-गिर्द राजनीतिक रोटियां सेंकता नजर आ रहा है, कोई सत्ता बचाने में लगा है तो कोई गिराने में। संसद और विधानसभाओं में हंगामे आए दिन की बात हो गई है।


आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा देश रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। स्वार्थपूर्ण राजनी. ति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। राजस्थान हो या उत्तर प्रदेश, हरियाणा हो या गुजरात अथवा महाराष्ट्र, आरक्षण के नाम पर उठते विध्वंसक आन्दोलनों की आग में से जब-तब बुरी तरह झुलसते रहे हैं और हर कोई इस तरह के परिवेश का राजनीतिक लाभ लेने की कवायद में जुटा नजर आता है। आजादी के बाद के इन करीब साढ़े सात दशकों में भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। बगैर लेन-देन के प्राय: कोई कार्य सम्पन्न नहीं होता। बड़े नेता की तो कौन कहे, छुटभैया नेताओं की भी चांदी हो चली है। आजादी के बाद लोकतंत्र के इस बदलते स्वरूप ने आजादी की मूल भावना को बुरी तरह तहस-नहस कर डाला है। यह आजादी का एक शर्मनाक पहलू ही है कि गिने-चुने मामलों को छोड़कर हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों से विभूषित जनप्रतिनिधि अक्सर सम्मानित जिंदगी जीते रहते हैं। देश के ए बदले हालात आजादी के कौनसे स्वरूप को उजागर कर रहे हैं, विचारणीय है।

ऐसे बदरंग हालातों में यह सवाल रह-रहकर सिर उठाने लगता है कि आखिर कैसी है ए आजादी? आखिर आजादी का अर्थ क्या है? इस प्रश्न का उत्तर तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक कि यह न जान लिया जाए कि स्वतंत्र होना आखिर कहते किसे हैं? देश को? व्यक्ति को? समाज को? यह जानना भी जरूरी है कि क्या कुछ बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित व्यक्ति, समाज या देश को स्वतंत्र कहा जा सकता है? क्या भोजन, कपड़ा और रहने की व्यवस्था, बीमारी से बचाव, भय-आतंक, शोषण व असुरक्षा से छुटकारा, साक्षर एवं शिक्षित होने के पर्याप्त अवसर मिलना और अन्य ऐसी ही कई बातें मानव के बुनियादी अधिकार नहीं हैं? क्या शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति के संघर्ष को मानव का बुनियादी अधिकार नहीं माना जाना चाहिए? लोकतंत्र के हाशिए पर खड़ी देश की जनता को इस दिशा में फिर से मंथन करना आवश्यक हो गया है कि वह किस तरह की आजादी की पक्षधर है?

आज की आजादी, जहां तन के साथ-साथ मन भी आजाद है, सब कुछ करने के लिए, चाहे वह वतन के लिए अहितकारी ही क्यों न हो, या उस तरह की आजादी, जहां वतन के लिए अहितकारी हर कदम पर बंदिश हो। आज की आजादी, जहां स्वहित राष्ट्रहित से सर्वोपरि होकर देशप्रेम की भावना को लीलता जा रहा है, या वह आजादी, जहां राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि स्वरूप धारण करते हुए देश को आजाद कराने में गुमनाम लाखों शहीदों के मन में उपजे देशप्रेम का जज्बा सभी में फिर से जागृत कर सके। इस तरह के परिवेश पर सभी देशवासियों को आजादी के इस पावन पर्व पर सच्चे मन से मंथन कर सही दिशा में संकल्प लेने की भावना जागृत करनी होगी, तभी आजादी के वास्तविक स्वरूप को परिलक्षित किया जा सकेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आजादी के मतवालों के प्रेरक एवं रोचक प्रसंग



श्वेता गोयल

भारत माता को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए देश की आजादी की लड़ाई में हजारों देशभक्तों का योगदान अविस्मरणीय है। ऐसे ही कुछ प्रमुख देशभक्तों से जुड़े कुछ रोचक तथा प्रेरक प्रसंगों को स्वतंत्रता दिवस के विशेष अवसर पर स्मरण करना प्रासंगिक होगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवावस्था में जब कॉलेज जाया करते थे, उन दिनों उनके घर के ही सामने एक वृद्ध भिखारिन रहती थी।

फटे-पुराने चिथड़ों में भीख मांगते देख सुभाष का हृदय रोजाना यह सोचकर दहल उठता कि कैसे यह बुढ़िया सर्दी हो या बरसात अथवा तूफान या कड़कती धूप, खुले में बैठकर भीख मांगती है और फिर भी उसे दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होती। यह सब देखकर उनका हृदय ग्लानि से भर उठता। घर से उनका कॉलेज करीब तीन किलोमीटर दूर था। आखिकार प्रतिदिन बस किराए और जेब खर्च के लिए उन्हें जो भी पैसे मिलते, उन्होंने वो बचाने शुरू कर दिए और पैदल ही कॉलेज जाना शुरू कर दिया। इस प्रकार प्रतिदिन अपनी बचत के पैसे उन्होंने जीवनयापन के लिए उस बूढ़ी भिखारिन को देने शुरू कर दिए। 1942 में जब भारत छोड़ो आन्दोलन शिखर पर था, उस दौरान क्रांतिकारी हेमू कलानी को पता चला कि आन्दोलनकारियों का दमन करने के लिए अंग्रेज सैनिकों से भरी एक विशेष रेलगाड़ी सक्खर से गुजरने वाली है। हेमू और उसके एक-दो साथियों ने उस विशेष रेलगाड़ी को ही उड़ाने का निश्चय किया और वे सक्खर से कुछ दूर पटरियां उखाड़ने पहुंच गए। वे एक-दो फिश प्लेटें ही उखाड़ पाए थे कि पुलिस आ पहुंची और पुलिस वालों ने उन्हें वहीं धर दबोचा। हेमू कलानी ने अपने मित्रों को वहां से किसी तरह भगा दिया और स्वयं गिरफ्तार हो गए। गिरफ्तारी के बाद हेमू से उसके मित्रों के नाम उगलवाने हेतु उसे खूब यंत्रणाएं दी गई किन्तु वीर हेमू कलानी ने अपनी जुबान नहीं खोली और सारा अपराध अपने सिर ले लिया। सुभाष चंद्र बोस आई। सी। एस। की परीक्षा देने लंदन गए। साक्षात्कार के दौरान एक सदस्य ने एक अंगूठी दिखाते हुए उनसे पूछा, मि. सुभाष, क्या आप इस अंगूठी में से निकल सकते हैं? यस सर! सुभाष चंद्र बोस ने तुरन्त उत्तर दिया। फिर कागज के एक टुकड़े पर उन्होंने अपना नाम लिखा और उसे अंगूठी में से निकाल दिया। फिर यह प्रश्न पूछने वाले सदस्य की ओर मुस्कराकर देखते हुए कहा, देखिए, सुभाष अंगूठी में से निकल गया। भारत और सोवियत संघ की संयुक्त सहायता से अंकलेश्वर में तेल के कुएं खोदे गए। उनमें से तेल निकला तो नेहरू जी काफी प्रसन्न हुए और वे कुएं देखने गए तथा उनके बारे में जानकारी प्राप्त करने लगे। अचानक तेल के कुछ छींटे नेहरू जी के कपड़ों पर आ गिरे, जिससे वहां उपस्थित सभी अधिकारी व अन्य व्यक्ति काफी परेशानी में पड़ गए। उन्होंने नेहरू जी से कपड़े बदलने का अनुरोध किया। इस पर नेहरू जी पहले मुस्कराए और फिर गर्व से बोले, ''वाह! इन छींटों को क्यों छिपाऊं? मैं इन्हीं कपड़ों में संसद में जाऊंगा और सभी को शान से दिखाऊंगा हमारे देश में निकले मिट्टी के तेल के धब्बे।''

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खेड़ा अफगान: देश की आजादी में रही अहम भूमिका

विपिन चौधरी

खेड़ा अफगान: देश की आजादी के लिए क्रांतिकारियों ने बहुत संघर्ष किया। बहुत से क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति भी दी। जनपद में कई ऐसी जगह हैं जहां पर अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए क्रांतिकारियों की योजनाएं बनती थी यानी क्रांतिकारी इन जगहों पर इकट्ठा होते थे। ऐसी ही एक जगह है नकुड ब्लॉक का गांव रणदेवा है।यह गांव क्रांतिकारियों की शरण स्थली रहा है।









गांव में ऐतिहासिक प्यारे जी महाराज मंदिर है जहां पर क्रांतिकारियों का जमावड़ा होता था और उसका नेतृत्व करते थे महंत जगन्नाथ दास।इस मंदिर में क्रांतिकारियों को ट्रेनिंग दी जाती थी जैसे लाठी चलाना, भाला फेंकना आदि।क्रांतिकारियों के लिए यह जगह सुरक्षित थी और इसकी जानकारी अंग्रेजों को ज्यादा नहीं थी।महंत जी के नेतृत्व में जो क्रांतिकारी संघर्ष कर रहे थे उनमें मुख्य रूप से महाशय तुंगल सिंह गुर्जर बहादुरपुर, चौधरी रामनिवास पिलखनी,सुनहरा सिंह गुर्जर ढोलामाजरा, प्रताप सिंह गुर्जर नारायणपुर,अर्जुन सिंह गुर्जर बिश्नोट, चौधरी पवन सिंह गुर्जर ढायकी, परमानंद गुर्जर दैदपुरा, रूपराम सिंह गुर्जर नल्हेडा,राम. निवास गुर्जर पिलखनी, निरंजन सिंह गुर्जर जैनपुर, सहीराम गुर्जर जैनपुर, यतीन्द्र कुमार सिंह गुर्जर डूभर किशनपुर, तेलूराम शर्मा रणदेवा आदि थे।

**रेल की पटरियां उखाड़ते थे क्रांतिकारी**

रणदेवा के नजदीकी गांव जैनपुर के बुजुर्ग मास्टर वीर सिंह बताते हैं कि क्रांतिकारियों का मुख्य कार्य रेल की पटरियां उखाड़ना,बिजली या फिर टेलीफोन के तार काटना और सड़कों में गड्ढे खोदना था।इसके लिए बाकायदा प्यारे जी महाराज मंदिर में क्रांतिकारियों की मीटिंग होती थी और क्रांतिकारी मंदिर में रात्रि के समय ही आते थे और वहीं पर भोजन करते थे।यहीं पर उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाता था।

**एक बार मंदिर में पहुंच गए थे अंग्रेज अधिकारी**

मास्टर वीर सिंह बताते हैं कि एक बार क्रांतिकारियों की इस खुफिया जगह की भनक नकुड थाने के तत्कालीन इंस्पेक्टर डेनियल को लग गई थी। डेनियल बैलगाड़ी से अपनी टीम को लेकर जैनपुर गांव से होता हुआ रणदेवा पहुंचा था। वहां पर डेनियल को क्रांतिकारी तो नहीं मिले लेकिन मंदिर के छोटे महंत परिवर्तन दास ह्वजो क्रांतिकारियों के लिए खाने की व्यवस्था करते थेऋ मिल गए थे। मास्टर वीर सिंह जी बताते हैं कि डेनियल ने उनकी खूब पिटाई की लेकिन उन्होंने किसी का भी नाम अपनी जुबान से नहीं खोला। किसी भी प्रकार का कोई भेद नहीं दिया।

**गांव में मुगलकालीन महल**

गांव रणदेवा के ऐतिहासिक होने का सबसे बड़ा सबूत गांव में प्यारे जी महाराज का बहुत पुराना मंदिर और गांव में ही मुगल कालीन महल है। ग्रामीण बताते हैं कि यह महल औरंगजेब ने प्यारे जी महाराज के लिए बनवाया था।इस महल को बनवाने के लिए औरंगजेब मजबूर हो गया था क्योंकि गांव में स्थित प्यारे जी महाराज के मंदिर को जब औरंगजेब की सेना तोड़ रही थी तो प्यारे जी महाराज ने अपना चमत्कार दिखाते हुए उनकी आंखों की रोशनी छीन ली थी ऐसी चर्चाएं हैं।परेशान होकर औरंगजेब ने उस मंदिर को दोबारा बनवाना पड़ा था। इसके साथ-साथ प्यारे जी महाराज के लिए महल का निर्माण भी औरंगजेब ने ही करवाया था। खुर्दबुर्द महल में आज भी कंकड़ों की ईंटें लगी हुई हैं।

**सरकार से अपील**

मास्टर नरेशचंद शर्मा, कंवरपाल प्रधान,सुरेश मुखिया जैनपुर, योगेंद्र सिरोही नल्हेड़ा आदि का कहना है कि रणदेवा गांव में महान क्रांतिकारी महंत जगन्नाथ दास का आश्रम है जो अब खंडहर में तब्दील हो चुका है ग्रामीणों की सरकार से मांग है कि उनकी निशानी के रूप में आश्रम का पुनरुद्धार किया जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

